




सांध्य दैनिक

RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534

डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2023-25

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच



आवश्यकता है

मीडिया हाउस

में काम करने के लिए
ऑफिस बॉय की जरूरत है।

(छुटपुट कुकिंग कार्य करने वाले को प्राथमिकता)

वेतन चार अंकों में ....

पता : शॉप नंबर 12, रेलवे क्रासिंग के पास, आकाशगंगा, सुपेला, भिलाई

संपर्क : 9827806026, 8319932659




वर्ष- 15 अंक - 07 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, गुरुवार 19 अक्टूबर 2023 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-


# वोरा के सामने बौने साबित हुए सारे दावेदार इस बार लगा सकते हैं जीत की हैट्रिक!




श्रीकंचनपथ इलेक्शन न्यूज़

भिलाई। टिकट की दावेदारी तो कोई भी कर सकता है, लेकिन टिकट मिलती उसे ही है जो उसके काबिल होता है। कांग्रेस की बात करें तो जिले की 6 विधानसभा सीट के लिए वैसे तो बड़ी संख्या में दावेदार सामने आए थे, लेकिन पार्टी ने जिन चेहरों पर दांव लगाया, उनके सामने बाकी सभी बौने साबित हुए। कांग्रेस ने बुधवार को अपनी दूसरी सूची जारी की। इस सूची के बाद जिले की सभी 6 सीटों पर पार्टी ने अपने पत्ते खोल दिए हैं। प्रत्याशियों को देखें तो कांग्रेस के मुकाबले भाजपा पिछड़ती दिखती है। 2018 के चुनाव में जिले से कांग्रेस को 5 सीटें मिली थी। भाजपा के टिकट वितरण के बाद कार्यकर्ताओं में जो आंतरिक नाराजगी गहरा रही है, उसके चलते एक सीट बचाना भी मुश्किल दिखता है।



दुर्ग विधानसभा क्षेत्र की चर्चा करें तो यहां से पार्टी ने वरिष्ठ नेता अरुण वोरा पर एक बार फिर दांव लगाया है। वे दुर्ग से सातवीं बार भाग्य आजमाते नजर आएंगे। इससे पहले उन्होंने कुल 6 विधानसभा चुनाव लड़े हैं, जिनमें से 3 बार उन्हें जीत मिली। इस बार यदि वे जीत का परचम लहराने में कामयाब होते हैं तो लगातार जीत की हैट्रिक होगी। भाजपा ने इस सीट से एक अनाम चेहरे गजेन्द्र यादव को उतारा है। ऐसे में दुर्ग में अरुण वोरा और कांग्रेस के लिए माहौल पहले से बेहतर है। पिछले चुनाव में भाजपा ने तत्कालीन महापौर चंद्रिका चंद्राकर को उतारा था, जिसके बाद कांग्रेस प्रत्याशी अरुण वोरा के लिए दुर्ग सीट आसान साबित हुई। ऐसा इसलिए क्योंकि महापौर के रूप में चंद्रिका चंद्राकर का परफारमेंस बेहद खराब रहा था। इससे उनकी छवि पर भी असर पड़ा, जिसका सीधा लाभ कांग्रेस प्रत्याशी अरुण वोरा को हुआ था। भाजपा के लिए इस बार हालात और ज्यादा खराब हो सकते हैं, क्योंकि उसके प्रत्याशी गजेन्द्र यादव को उनके पड़ोसी भी ढंग से नहीं जानते हैं। पिछली बार की ही तरह इस बार भी माना जा रहा है कि भाजपा ने दुर्ग शहर सीट कांग्रेस को तश्तरी में परोसकर दे दी है।

## कांग्रेस के निर्विवाद नेता

कांग्रेस पार्टी में अरूण वोरा को निर्विवाद नेता के रूप में जाना जाता है। भले ही इस बार कांग्रेस की टिकट के लिए बहुत सारे लोगों ने आवेदन किया था, लेकिन यह सबको पता था कि टिकट के असल दावेदार वोरा ही हैं। कांग्रेस संगठन से लेकर उसके तमाम अनुशांगिक संगठनों में वोरा की गहरी पैठ है। अब जबकि उन्हें पार्टी ने टिकट दे दी है, जो सभी मिलकर उन्हें चुनाव जीतने के लि सामने आए हैं। कहने का आशय यह है कि दुर्ग सीट में कहीं कोई नाराजगी नहीं है और सब मिल-जुलकर काम कर रहे हैं। जाहिर है कि इसका लाभ भी वोरा को ही मिलेगा। इसके विपरीत भाजपा प्रत्याशी गजेन्द्र यादव के खिलाफ आंतरिक तौर पर आवाजें उठना शुरू हो गई है। दुर्ग में भाजपा कई धड़ों में बँटी हुई है। गजेन्द्र यादव संघ परिवार से ताल्लुक रखते हैं, इसलिए उनके खिलाफ खुलकर कोई सामने नहीं आया है, लेकिन कार्यकर्ताओं में भीतर ही भीतर सुलग रही नाराजगी भाजपा के लिए बड़ा सिरदर्द बन सकती है। पिछले दिनों गजेन्द्र यादव का एक वीडियो भी वायरल हुआ था, जिसमें भाजपा के कतिपय लोग घर-घर जाकर हार बाँटते नजर आते हैं। यह हार गजेन्द्र को पहनाने के लिए वितरित किए जा रहे थे। लोग यह भी पूछते रहे कि जिस व्यक्ति को माला पहनाने को कहा जा रहा है, वह कौन है? स्पष्ट है कि भाजपा ने एक ऐसे व्यक्ति को टिकट दिया है, जिसका काम तो दूर, लोग नाम तक नहीं जानते हैं। इसके विपरीत अरुण वोरा से दुर्ग शहर का बच्चा-बच्चा परिचित है। इसी एक अंतर से परिणामों को समझा जा सकता है।

### बेहतर छवि का मिलेगा लाभ

अपने लम्बे राजनीतिक कैरियर में अरुण वोरा सदैव बेदाग रहे हैं। उनकी छवि क्षेत्र में बहुत अच्छी है। इसके अलावा उनका क्षेत्र के लोगों से जीवंत सम्पर्क भी पूरे 5 वर्षों तक बना रहता है। यह विडंबना रही कि 2013 में जब वे निर्वाचित हुए तो भाजपा की सरकार थी। बावजूद इसके विपक्ष के विधायक के रूप में भी उन्होंने दुर्ग शहर के लिए अच्छा काम किया। 2018 में चुनाव जीतने के बाद प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनी तो वोरा दुर्ग शहर को चमकाने के अभियान में लग गए। भाजपा के लोग खराब सड़कों का मुद्दा प्रमुखता से उठाते हैं, लेकिन यह देखना भी जरूरी है कि विस्तार पाते दुर्ग शहर की पानी की जरूरतों को पूरा करने के लिए घर-घर पानी पहुंचाना आवश्यक था। दुर्ग शहर के कई इलाकों को गम्भीर पेयजल संकट से उबारने के लिए जरूरी था कि लोगों को जलापूर्ति घर में ही और बेहतर तरीके से हो। इसलिए पानी की पाइप लाइन बिछाने के लिए सड़कों को खोदा गया। यह भी वोरा की ही उपलब्धि है कि शहर की ज्यादातर सड़कों का पुनर्निर्माण भी करा लिया गया है। इसके अलावा नगर निगम के माध्यम से वोरा ने पूरे शहर में अभूतपूर्व विकास के काम करवाए हैं।

### वोरा परिवार का इतिहास ही काफी

दुर्ग शहर में वोरा परिवार का नाम यदि सम्मान के साथ लिया जाता है तो इसकी सबसे बड़ी वजह इस परिवार द्वारा शहर हित में कराए गए काम हैं। पहले वरिष्ठ नेता स्व. मोतीलाल वोरा ने एक छोटे से नगर को शहर बनाया और उसके बाद इस शहर में विकास की गंगा उनके बहाई। आज भी दुर्ग शहर की कई इमारतें और प्रतिष्ठान स्व. मोतीलाल वोरा की दूरदृष्टि की गवाही देतीं हैं। स्वयं अरुण वोरा कहते हैं कि उनके परिवार के लिए दुर्ग शहर राजनीति का अखाड़ा नहीं है। जनता उन पर भरोसा करती है और उस भरोसे पर खरे उतरने के लिए वे भरसक प्रयास करते हैं। अरुण वोरा के मुताबिक, दुर्ग के प्रत्येक घर से उनके पारिवारिक संबंध हैं। यही संबंध वोरा परिवार की पूंजी है। अरुण वोरा कांग्रेस की टिकट पर सातवीं बार चुनाव लड़ने जा रहे हैं। उनका चुनाव अभियान भी शुरू हो रहा है। इससे पहले पार्टी स्तर पर उन्हें पहले ही संकेत कर दिया गया था। इसके बाद से ही चुनाव की आंतरिक तैयारियां चल रही थी। जैसे-जैसे चुनाव अभियान, मतदान तिथि तक पहुंचेगा, जनसम्पर्क अभियान भी पूरे शबाब पर होगा। इस बार भी कांग्रेस पार्टी एकजुटता से चुनाव लड़ने जा रही है।

## खास-खबर



### न्यूजक्लिक के संस्थापक पुरकायस्थ की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट का दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी, अब 30 को सुनवाई

**नई दिल्ली।** यूएपीए के तहत दर्ज मामले में गिरफ्तार न्यूजक्लिक के संस्थापक प्रबीर पुरकायस्थ और इसके एचआर हेड अमित चक्रवर्ती द्वारा दायर याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने आज सुनवाई की। अदालत ने दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी किया। साथ ही मामले की अगली सुनवाई के लिए 30 अक्टूबर की तारीख तय की। पुरकायस्थ और चक्रवर्ती की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल और देवदत्त कामत ने पीठ से कहा कि वे जेल में बंद हैं। इसलिए मामले पर जल्द सुनवाई की जाए। इस पर न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा की पीठ ने दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी किया और 30 अक्टूबर तक जवाब मांगा। इससे पहले, शीर्ष अदालत 16 अक्तूबर को मामले को तत्काल सूचीबद्ध करने पर सहमत हो गई थी।

गौरतलब है कि दिल्ली उच्च न्यायालय ने दोनों को ही दिल्ली पुलिस की विशेष शाखा द्वारा दर्ज यूएपीए मामले में उनकी गिरफ्तारी और रिमांड को चुनौती देने वाली याचिकाओं को खारिज कर दिया था। इसके बाद ही दोनों सुप्रीम कोर्ट पहुंचे हैं। जानकारी के लिए बता दें कि न्यूज क्लिक एक डिजिटल मीडिया प्लेटफॉर्म है। जिसके ऊपर विदेशी फंडिंग का मामला दर्ज हुआ है।

### यूपी के 1.54 करोड़ लोगों को भेजे जाएंगे 660 रुपये, कैबिनेट से जल्द पास होगा प्रस्ताव

**लखनऊ।** उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को दीवाली पर मुफ्त सिलिंडर के लिए शीघ्र ही कैबिनेट प्रस्ताव लाया जाएगा। इस योजना के तहत राज्य सरकार हर लाभार्थी के खाते में 660 रुपये भेजेगी, जबकि 300 रुपये केंद्र सरकार से बतौर सब्सिडी मिलता है। प्रदेश में वर्तमान में उज्ज्वला योजना के 1.75 करोड़ लाभार्थी हैं। इनमें से 1.54 लाभार्थियों के खाते आधार प्रमाणित हैं, जिनमें केंद्र सरकार की ओर से मिलने वाली सब्सिडी पहले से ही जा रही है। पहले चरण में आधार प्रमाणित खातों में ही योजना की राशि भेजी जाएगी। शेष लाभार्थियों के बैंक खाते आधार से जैसे-जैसे जुड़ते जाएंगे, वैसे-वैसे उन्हें भी योजना का लाभ मिलता जाएगा। सभी लाभार्थियों को एक बार लाभ देने पर राज्य सरकार के खजाने पर करीब 1200 करोड़ रुपये का व्यय भार आएगा।

### पुरानी रंजिश में युवक की चाकू गोदकर हत्या, आरोपी फरार

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव जिले के डोंगरगढ़ के रेलवे चौक में पुरानी रंजिश को लेकर दो युवकों में चाकूबाजी हो गई। जिसमें एक युवक ने दम तोड़ दिया। घटना सुबह 8 बजे की आस पास है। रेलवे चौक में दोनों युवक में पहले विवाद हुआ। जिसके बाद एक युवक ने काल कर बाहर से अपने दोस्तों को बुला लिया। बाहर से आए दोस्तों की मौजूदगी में आरोपित युवक ने दूसरे युवक पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। घायल युवक को आनन फानन में इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहाँ उसकी मौत हो गई। मामले में पुलिस ने एक युवक को हिरासत में ले लिया है। वहीं अन्य युवकों की तलाश जारी है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज भी खंगाल रही है।

## फुटपाथ पर पैदल चल रहे पांच लोगों को कार चालक ने रौंदा, एक की मौत



### ■ जयपुर कर्नाटक के मेंगलुरू की घटना, आरोपी चालक गिरफ्तार

**मेंगलुरू।** कर्नाटक के मंगलुरु शहर में हिट एंड रन का मामला सामने आया है। तेज रफ्तार कार चालक ने यहां फुटपाथ पर पैदल चल रहे पांच लोगों को जोरदार टक्कर मार दी। कार चालक लोगों को कुचलते हुए भाग गया। हादसे में एक महिला की मौत हो गई है। वहीं घटना के बाद अफरा तफरी मच गई। मामले में पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत कार चालक पर अपराध दर्ज किया है। वहीं इस पूरे मामले का एक वीडियो वायरल हो रहा है। प्रेस ट्रस्ट ऑफ इंडिया ने अपने अधिकारिक ट्विटर हैंडल पर वीडियो शेयर किया है।

मिली जानकारी के अनुसार वीडियो में देखा जा सकता है कि हाइवे किनारे फुटपाथ पर लोग चल रहे हैं। इस दौरान पीछे से आ रही कार ने पहले एक महिला व तीन युवतियों को टक्कर मारी। एक महिला को कुचलने के बाद एक अन्य महिला को टक्कर मार दी, जिसने कार को पास आते देख भागने की कोशिश भी की। इतना ही नहीं, फुटपाथ पर लगे एक पोल से कार जाकर टकरा जाती है। बाद में डिवाइडर से टकराने से पहले कार चालक महिला को कुछ मीटर तक घसीटता हुआ ले जाता है। घटना मात्र छह सेकंड में हुई। आसपास मौजूद लोग जबतक समझ पाते तबकर कार चालक फरार हो जाता है। हादसे में एक महिला की मौत हो गई और तीन युवतियों सहित चार घायल हो गए। मृतका की पहचान 23 साल की रूपश्री के रूप में हुई है।

### खुद पुलिस के पास पहुंचा कार चालक

हादसे के बाद कार चालक ने पहले तो अपनी कार को एक शोरूम के पास खड़ी कर दिया। इसके बाद वह खुद अपने पिता के साथ थाने पहुंचा। पुलिस ने बताया कि कार चलाने वाले का नाम कमलेश बलदेव है जो हुंडई ईऑन कार चला रहा था। पुलिस ने लापरवाही से मौत का मामला सहित भारतीय दंड संहिता की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर आरोपी कार चालक को गिरफ्तार कर लिया है।

## इस्राइल ने हमास पर तेज किए हमले, पहुंचे ब्रिटेन के पीएम

**तेल अवीव।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के इजरायल से रवाना होते ही हमास के साथ जंग तेज हो गई है। अल-जजीरा चैनल ने दावा किया है कि इजरायल की सेना ने उत्तरी और दक्षिणी गाजा पट्टी में हमले तेज कर दिए हैं। एयर स्ट्राइक की जा रही है। यहां तक कि मैदान से भी इजरायल की सेना आगे बढ़ रही है। अल-जजीरा चैनल के मुताबिक, इजरायल की सेना रामल्ला शहर में घुस गई है। राफा में बड़ा हमला बोला गया है।

इजरायल डिफेंस फोर्सेज का दावा है कि लेबनान की ओर से इजरायल पर हमले किए जा रहे हैं। आरोप है कि हिजबुल्ला ने लेबनान की ओर से 12 घंटे में 9 बार हमला किया है। इस



बीच, ईरान और अमेरिका के बीच तनातनी बढ़ गई है। ईरान में अमेरिका बेस पर हुए ड्रोन हमलों के बाद अमेरिका ने ईरान पर और प्रतिबंध लगा दिए हैं। इधर ईरान ने मुस्लिम देशों से अपील की है कि सभी को फिलिस्तीन के समर्थन में आगे आए।

अमेरिका पहुंचकर बाइडन राष्ट्र के नाम संबोधन देंगे और पूरे विवाद पर व्हाइट हाउस का रुख एक बार फिर स्पष्ट करेंगे। इजरायल से रवाना होने से पहले उन्होंने एलान किया कि गाजा की सहायता के लिए अमेरिका 100 मिलियन डॉलर की आर्थिक मदद भी देगा। बाइडन के रवाना होते ही इजरायल पर हमास और उसके समर्थित आतंकी संगठनों के हमले तेज हो गए हैं। इजरायल की सेना ने यह दावा किया है। इस बीच, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक इजरायल पहुंचे हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ने बताया कि गाजा में राहत सामग्री पहुंचाने के लिए अमेरिका की मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फत्तह अल-सिसी से बात हुई है।

## असम सीएम बिस्वा के बयान पर बिफरीं सुप्रिया सुले

### ■ इस्राइल हमास युद्ध को लेकर राजनीतिक बयानबाजी

**मुंबइ ( एजेंसी )।** इस्राइल हमास युद्ध को लेकर एनसीपी चीफ शरद पवार के बयान से राजनीतिक बयानबाजी शुरू हो गई है। असम के सीएम हिमंता बिस्व सरमा ने कह दिया कि 'शरद पवार, सुप्रिया सुले को हमास के साथ लड़ने के लिए गाजा भेजेंगे।' सरमा के इस बयान पर अब सुप्रिया सुले ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। सुप्रिया सुले ने



कहा कि भाजपा का व्यवहार महिलाओं के प्रति अनुचित है।

एनसीपी सांसद और शरद पवार की बेटी सुप्रिया सुले ने हिमंता बिस्व सरमा के बयान पर कहा कि 'मैं हैरान हूं क्योंकि हिमंता बिस्व सरमा में भी वही डीएनए, जैसा मुझमें है। वह कांग्रेस से है और हम दोनों के अंदर कांग्रेसी डीएनए है। आप जानते हैं कि भाजपा का व्यवहार महिलाओं के प्रति अनुचित रहता है लेकिन मुझे हिमंता बिस्व सरमा से उम्मीदें थी। मैं हैरान हूं कि उनकी महिलाओं के प्रति सोच कैसे बदली है। ऐसा लगता है कि भाजपा का उन पर कुछ ज्यादा ही प्रभाव पड़ा है। भाजपा आईटी सेल को पहले यह समझना चाहिए कि शरद पवार ने क्या कहा है और उन्हें उनका (शरद पवार) पूरा बयान सुनना चाहिए।

बता दें कि नेशनल कांग्रेस पार्टी के प्रमुख शरद पवार इस्राइल हमास युद्ध को लेकर कहा था कि फलस्तीन की पूरी जमीन है और इस्राइल ने उसकी जमीन पर कब्जा कर लिया है। घर, जगह, जमीन सब फिलस्तीन की थी लेकिन अब इस्राइल ने उस पर अपना अधिकार जमा लिया है। एनसीपी उन लोगों के साथ खड़ी है जो मूल रूप से इस्राइल के रहने वाले हैं।

## जब सैयां भये कोतवाल तो फिर डर काहे का

श्रीकंचनपथ




असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा कवर्धा प्रवास पर थे। चुनावी माहौल बनाने के लिए उन्होंने ठीक वही किया जिसकी उम्मीद पहले से की जा रही थी। कवर्धा में मामला भाजपा बनाम कांग्रेस का नहीं है। यहां पूरा गेम हिन्दू बनाम मुसलमान पर टिका हुआ है। हिमंता ने बिना किसी लाग लपेट के यहां अपनी भड़ास निकाली। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में पहले बाबर-बाबर सुनाई देता था। लेकिन मोदी के आने के बाद बाबर खल्लास हो गया। राम मंदिर बना दिया। कवर्धा में भी चारों ओर अकबर-अकबर सुनाई दे रहा है। अकबर को जल्दी से साफ करिये नहीं तो देश बर्बाद हो जाएगा। उन्होंने कहा कि एक अकबर आता है तो 100 और अकबर को बुला लाता है। उन्हें विदा कीजिए अन्यथा माता कौशल्या की भूमि अपवित्र हो जाएगी। अब यह हेट स्पीच नहीं है तो क्या है? पर किसे फिक्र है? हिमंता को अभी कौन सा चुनाव लड़ना है? किसी के पास हिमंता के खिलाफ अदालत जाने की अभी फुर्सत भी नहीं है। ऐसे मामलों में हाईकोर्ट और चुनाव आयोग स्वत: संज्ञान ले सकते हैं पर केन्द्र सरकार के प्रतिनिधि के खिलाफ खामख्वाह जाने की जहमत कोई भी नहीं उठाना चाहता। बहरहाल, भाजपा के स्टार प्रचारकों का तौर तरीका ही यह बताने के लिए काफी है कि भाजपा छत्तीसगढ़ में मुद्दा विहीन है। वह किसी तरह धार्मिक भावनाओं को उकसाकर कुछ सीटें जीतने की कोशिश कर रही है। कहीं यह जहर ईसाइयों के खिलाफ उगला जा रहा है तो कहीं मुसलमानों के खिलाफ। पर क्या इससे हिन्दू मतों का ध्रुवीकरण हो जाएगा? पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा को छत्तीसगढ़ में 32 प्रतिशत वोटों से संतोष करना पड़ा था। यह कांग्रेस को मिले वोटों से 10 प्रतिशत कम था। 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा का वोट प्रतिशत लगभग 38 प्रतिशत था। अर्थात आधी आबादी का भी समर्थन किसी एक दल को नहीं है। सभी लोग धर्म के आधार पर वोट नहीं डालते। कुछ लोगों में विवेक होता है, वो अपना भला बुरा समझते हैं। वो पार्टियों के चाल-चरित्र और योजनाओं पर भी पैनी नजर रखते हैं। पांच साल पहले भी छत्तीसगढ़ में चेहरे यही थे, मुद्दे भी कमोबेश यही थे, फिर पांच साल में ऐसा क्या हो गया कि नफरत की राजनीति करनी पड़ रही है? दरअसल, नफरत की तीव्रता प्रेम से हजार गुना अधिक होती है। जिन लोगों को आप प्रेम से नहीं जीत पाते, उनमें आप उनके करीबियों के खिलाफ नफरत पैदा कर दो। वो जाने-अनजाने और न चाहते हुए भी आपके पाले में आ जाते हैं। इसी को बांटों और राज-करो की नीति भी कहा जाता है। आपकी आस्था भाजपा की रीति-नीति में भले ही न हो, यदि आप कांग्रेस के खिलाफ हैं तो स्वाभाविक रूप से आपको भाजपा के साथ मान लिया जाता है। जहां-जहां लोगों ने तीसरी शक्ति को चुना है, वहां-वहां भाजपा को मुंह की खानी पड़ी है।




## संपादकीय

### अस्पताल पर हमला

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन की इजरायल यात्रा वास्तव में पश्चिम एशिया में युद्ध भड़काने की दिशा में ही अपना असर छोड़ती लग रही है। जब गाजा में एक अस्पताल पर मिसाइल हमले के बाद दुनिया भर में इजरायल निशाने पर है, तब अमेरिकी राष्ट्रपति का इजरायल के पक्ष में दिखना जितना अफसोसजनक है, उतना ही दुखद भी। बाइडन ने फिलिस्तीनी आतंकियों के संदर्भ में इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से बातचीत के बाद कहा है कि गाजा में अस्पताल पर हमला 'किसी अन्य टीम द्वारा किया गया' लगता है। बाइडन अस्पताल पर बमबारी से दुखी और क्रोधित थे, तो उन्हें इन्हीं भावनाओं का इजहार करना चाहिए था। जिस जघन्यतम हमले से इजरायल अपना पल्ला झाड़ने की कोशिश कर रहा है, उसके लिए आने वाले दिनों में उसे निंदा का सामना करना पड़ सकता है। अस्पताल दुनिया के किसी भी कोने में हो, कभी युद्ध का हिस्सा नहीं हो सकता। बर्बर शासक अपने दुश्मनों की यथाशीघ्र कमर तोड़ने के लिए आम लोगों को निशाना बनाते आए हैं, पर किसी अस्पताल पर निशाना साधना बर्बरता की पराकाष्ठा है। आखिर मानवता के किस पैमाने पर आज इजरायल खड़ा है? इजरायली आक्रामकता के समर्थन में अमेरिका आखिर किस हद तक जाएगा? इजरायल की राजधानी में बाइडन ने आश्वस्त किया है कि वाशिंगटन इजरायल को अपनी रक्षा के लिए जरूरी हर चीज मुहैया कराएगा। कोई शक नहीं कि हमास का ताजा हमला उसे बर्बर साबित करता है। सामान्य इजरायलियों को मारना और बंधक बना लेना युद्ध के नियम में नहीं आता, लेकिन हमास ने मानो यह ठान लिया है कि वह इजरायल को झुकाने के लिए किसी भी हद तक जाएगा। यह भी ध्यान देने की बात है कि इजरायलियों के साथ 31 अमेरिकी भी मारे गए हैं, इससे अमेरिका बहुत आहत है, पर इसका यह मतलब नहीं कि इजरायल आम फिलिस्तीनियों को निशाना बनाने लगे। गया वह दौर, जब भय से संस्कृतियां बदल जाती थीं, लोग धर्म बदल लेते थे और बड़े पैमाने पर अपनी जमीन से पलायन कर जाते थे। आज वंचितों या पीड़ितों की आवाज को ताकत देने वाले दुनिया के कोने-कोने में मिल जाते हैं। इजरायल और अमेरिका जैसे देशों को बदलती सभ्यता की रोशनी में खुद को बदलना चाहिए। भर्त्सना आतंकियों को मारने की नहीं है, आम लोगों को निशाना बनाने की है। दुनिया की तमाम बड़ी शक्तियों को तार्किक मानवीय आधार पर सोचना चाहिए कि युद्ध और उसके हालात को कैसे रोका जाए? दुश्मनी भी है, तो उसमें भी सच्चाई का आधार होना चाहिए। ध्यान रहे, अमेरिका में ही एक साहसी पत्रकार हैं जैक्सन हिंकल, उन्होंने अस्पताल पर हुए हमले पर इजरायल के आरोप को बेनकाब करने का दावा किया है। उन्होंने अपने देश अमेरिका को भी आड़े हाथ लेते हुए कहा है, 'उन्होंने आपसे इराक के बारे में झूठ बोला, उन्होंने आपसे कोविड के बारे में झूठ बोला, उन्होंने आपसे रशियागेट के बारे में झूठ बोला, उन्होंने यूक्रेन युद्ध के बारे में आपसे झूठ बोला, उन्होंने आपसे बच्चों के सिर काटे जाने के बारे में झूठ बोला, क्या आपको लगता है, वे आपको सच बता रहे हैं कि गाजा में अस्पताल पर बमबारी किसने की? जागिए।' आज अमेरिका व इजरायल क्यों संदेह के दायरे में हैं? ऐसे संदेह से दोनों देशों का नुकसान ही होगा। युद्ध रूस-यूक्रेन का हो या इजरायल- फिलिस्तीन का, ताकत के नशे में कभी होश नहीं गंवाना चाहिए। दुनिया किसी अंधे या बर्बर युद्ध को स्वीकार नहीं करेगी।

> लोग धर्म बदल लेते थे और बड़े पैमाने पर अपनी जमीन से पलायन कर जाते थे। आज वंचितों या पीड़ितों की आवाज को ताकत देने वाले दुनिया के कोने-कोने में मिल जाते हैं। इजरायल और अमेरिका जैसे देशों को बदलती सभ्यता की रोशनी में खुद को बदलना चाहिए। भर्त्सना आतंकियों को मारने की नहीं है, आम लोगों को निशाना बनाने की है।

## वादों के मोहपाश में फंसा लोकतंत्र

एक दिन किसी महाकंजूस के घर कोई मेहमान आ गया तो उसने अपने बेटे से बाजार से आधा किलो बर्फी लाने को कहा। आधे घंटे बाद उसका बेटा खाली हाथ आ गया तो कंजूस ने पूछा कि क्या बात, बर्फी नहीं लाये। बेटा बोला, 'मैंने हलवाई से बर्फी मांगी थी वो बोला, ऐसी बर्फी दूंगा बिल्कुल मक्खन जैसी तो मैंने सोचा कि मक्खन ही ले लेता हूं। मक्खन वाले के पास गया तो वह बोला कि ऐसा मक्खन दूंगा जैसे शहद हो तो मैंने सोचा शहद ही ले लेता हूं। शहद वाला बोला कि ऐसा शहद दूंगा बिल्कुल पानी जैसा साफ। तो मैं घर आ गया कि पानी तो हमारे घर पर ही बहुत है।' कंजूस ने बेटे को शाबाशी दी पर फिर उसे ध्यान आया कि आधा घंटा चप्पल घिसा कर आया है। जब वह बेटे को डांटने लगा तो बेटा बोला, 'पिता जी मैं तो मेहमान की चप्पल पहन कर गया था।' अब कंजूस की जान में जान आई।

बस उपरोक्त प्रकरण से मिलाकर इस बात को देखा जाना चाहिए कि कंजूस के बेटे की प्रवृत्ति से ही प्रत्येक नेता का आचरण मिलता-जुलता है। उनके पास हर बात के लिये एक कारण मौजूद है। ये कारण सुना-सुना कर ही वे जनता को बातों के ऐसे पकौड़े खिलाते हैं कि जनता को भांग का सा नशा होने लगता है। चुनावी बिगुल बज ही चुका है और आजकल नेता अपने बिलों से निकलकर यानी अपने चुनाव क्षेत्रों में यूं निकल-निकल कर आ रहे हैं मानो बरसात के बाद मकौड़ों की लाइन-सी लग गई हो। पर लोगों को ये नहीं पता कि जैसे कीड़े-मकौड़े आपकी ही चीनी या दाने उठा-उठा कर ले जाते हैं वैसे ही ये नेतागण भी वोटों के दाने उठा ले जायेंगे और फिर पांच साल बाद ही बिलों से निकलेंगे।

भारत दुनिया का एकमात्र ऐसा देश है जहां जनता को अपने नेता के भविष्य की 90 प्रतिशत चिंता रहती है और अपने बच्चों के भविष्य की दस प्रतिशत। इस सत्य को तो सब मानेंगे कि राजनीति के फैसले तब तक टाले जाते हैं जब तक जनता उन्हें भूल न जाये। जाति देखकर वोट देने वालों को सोचना चाहिए कि वे नेता चुन रहे हैं अपना बटेऊ नहीं। नेता लोग जातिगत जनगणना के पीछे पड़े हैं और जनता चाहती है कि जात-पात से छुटकारा मिल जाये।

## नखरों की कार करे हरदम बेकरार

बरसों पहले विज्ञापन आया था, 'पड़ोसी की जले जान, आपकी बढ़े शान।' आजकल है 'कार ऐसी खरीदिए, दूसरे आपा खोएं।' कार ऐसी खरीदिए जो हर कहीं पार्क करनी मुश्किल हो। सब जगह ले जाने का दिल न करे। कभी स्वादिष्ट खाने का न्योता मिले तो हिसाब लगाना पड़े। उनका घर, उस चौराहे से दाएं तरफ, उस सड़क पर, बाएं मुड़कर उस गली में है, वहां गाड़ी ले जाएं तो पार्क कहां करेंगे। अन्दर जगह कम है। वहां गली वालों की गाड़ियां खड़ी होंगी, ले गए और जैसे-तैसे पार्क कर दी तो मोड़नी मुश्किल हो जाएगी। कहीं ठुक गई तो एक स्क्रैच हटवाने के सैकड़ों और एक डेंट के हजारों लग सकते हैं। इसलिए वहां जाना ही क्यूं जहां शानबढ़ाऊ कार ही पार्क करने के लिए उचित जगह न हो।

कार ऐसी खरीदिए जिसकी सुविधाओं बारे पता न चले। सुविधाएं वही हों जिनकी ज्यादा जरूरत न हो। आजकल विशेषताएं इतनी हैं कि देख-सुन, मन आपा खोए। टेस्ट ड्राइव लेते ही कीमत भूल जाए। कार घर आएं तो अजनबी हसीना की तरह, सब कुछ डिजाइनर पहन कर छाई हों। कार के फिचर्स बढ़ती उम्र वालों के पल्ले न पड़ें। नई कार तो बच्चों और उनकी मम्मी की पसंद की ही लेनी होती है। पुरानी कार की याद तो आती रहेगी। जिंदगी जुगाड़ और संघर्ष में कटी, अब लग्जरी कार की गोद में लेटेगी।

> भारत सहित तमाम देशों ने इजरायल से मांग की है कि वह युद्ध-कानूनों और मानवाधिकारों का पालन करे। अल अहली अस्पताल पर हुए हमले के बाद अरब और इस्लामी दुनिया में इजरायल के खिलाफभावनाएं अधिक गहरी हो गई हैं। इस घटना के बाद जॉर्डन की राजधानी अम्मान में अरब नेताओं के साथ अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन का होने वाला शिखर सम्मेलन रद्द कर दिया गया है, जिसके बाद अमेरिकी राष्ट्रपति सिर्फ इजरायल गए।

# क्या युद्ध रोकने के गंभीर प्रयास होंगे

विवेक काटजू, पूर्व राजनयिक

इजरायल-फिलिस्तीन युद्ध में अब ऐसी घटनाएं भी होने लगी हैं, जिनसे पूरी दुनिया विचलित है। गाजा पट्टी के अल अहली अस्पताल पर हुआ हमला ऐसा ही एक वाकया है, जिसमें लगभग 500 लोगों की जान गई है। हमास ने इस हमले के लिए इजरायल को जिम्मेदार माना है, जबकि इजरायल ने इसका खंडन किया है और फिलिस्तीन संगठन को ही इसके लिए कुसूरवार बताया है। मगर लगता यही है कि इजरायल के दावे को अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने तो मान लिया है, पर अरब दुनिया स्वीकार करने को तैयार नहीं है।

इस युद्ध की शुरुआत 7 अक्टूबर को हमास के एक अप्रत्याशित हमले से हुई, जिसमें करीब 1,400 इजरायली बच्चे-बूढ़े-महिलाएं और सैनिक मार डाले गए थे। उस दिन हमास के आतंकी करीब 200 लोगों को, जिनमें औरतें भी शामिल थीं, बंधक बनाकर साथ ले गए। ऐसा मानव इतिहास में शायद ही कभी हुआ है। इस हमले के कारण इजरायल में स्वाभाविक आक्रोश की लहर फैल गई और इजरायली खुफिया एजेंसी व सरकार की नाकामयाबी का भूलकर वहां के लोग व राजनीतिक दल सरकार के साथ खड़े हो गए। इजरायली सरकार से जनता की स्पष्ट मांग थी कि हमास का पूरी तरह सफाया हो, ताकि इजरायली जमीन पर ऐसा कोई आतंकी हमला फिर न हो सके।

इजरायल समर्थक देशों ने हमास के आतंकी हमले की न सिर्फ निंदा की, बल्कि तेल-अवीव को अपना समर्थन भी दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी 10 अक्टूबर को इजरायली समकक्ष बेंजामिन नेतन्याहू से फोन पर बात करने के बाद यह ट्वीट किया कि भारत के लोग इस कठिन घड़ी में इजरायल के साथ हैं। दुनिया भर की नजरें इजरायल पर थीं कि हमास के इस हमले के बाद उसका कदम क्या होगा? गुजरे 12 दिन बता रहे हैं कि उसकी मंशा स्पष्ट है। इजरायल ने अपनी वायु सेना और मिसाइलों से गाजा पट्टी में भयंकर बमबारी जारी रखी है, जिसके चलते हजारों लोगों की जान गई है। हालांकि, इजरायल का दावा है कि गाजा के आम नागरिकों को कोई क्षति न पहुंचे, इसकी वह कोशिश कर रहा है, मगर हमास उन्हें 'मानव कवच' के तौर इस्तेमाल कर रहा है। इजरायल ने गाजा क्षेत्र में बिजली, खाद्यान्न, ऊर्जा, ईंधन आदि की आपूर्ति रोक दी है। पहले तो पानी की आपूर्ति भी बंद कर दी गई थी, लेकिन अब इसे जारी कर दिया गया है। जिस तरह से उसने उत्तरी गाजा में रहने वाले करीब 11 लाख लोगों को दक्षिण की ओर जाने का फरमान सुनाया था और एक समय-सीमा तय कर दी थी, उससे यही लगता है कि हमास को मटियामेट करने के लिए वह हर तरह के कदम उठा सकता है। उसे स्थल मार्ग से गाजा में घुसने से भी ऐतराज नहीं।



इस बीच, भारत सहित तमाम देशों ने इजरायल से मांग की है कि वह युद्ध-कानूनों और मानवाधिकारों का पालन करे। अल अहली अस्पताल पर हुए हमले के बाद अरब और इस्लामी दुनिया में इजरायल के खिलाफ भावनाएं अधिक गहरी हो गई हैं। इस घटना के बाद जॉर्डन की राजधानी अम्मान में अरब नेताओं के साथ अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन का होने वाला शिखर सम्मेलन रद्द कर दिया गया है, जिसके बाद अमेरिकी राष्ट्रपति सिर्फ इजरायल गए। यहीं से वह जॉर्डन जाने वाले थे। इसे इजरायल और हमास के बीच युद्ध रोकने के राजनीतिक प्रयासों के लिए एक झटका माना जा रहा है।

असल में, अमेरिका की विदेश नीति में इजरायल का विशेष स्थान है, जिसके कई कारण है। अमेरिका में यहूदी लॉबी का स्थानीय राजनीति, मीडिया और वित्तीय क्षेत्र में खासा दबदबा है। यहूदियों की आबादी खासतौर से न्यूयॉर्क में 19वीं सदी से बढ़ने लगी थी। हिटलर के नरसंहार के कारण, जिसमें करीब 60 लाख यहूदियों को मार दिया गया था, अमेरिका में यहूदियों और इजरायलियों के लिए गहरी सहानुभूति बनी, जो बदस्तूर कायम है। इसलिए यह स्वाभाविक है कि इजरायल पर यदि कोई संकट आता है, तो अमेरिका का राजनीतिक व सामरिक वर्ग उसे एक प्रकार से अपना संकट मानता है, और हर तरह से इजरायल का समर्थन करता है। आज भी यही देखा जा रहा है। बेशक, राष्ट्रपति बाइडन अपना समर्थन जताने इजरायल पहुंचे, लेकिन उनका यह भी मकसद था कि हमास को खत्म करने में तेल-अवीव को इस तरह से मदद दी जाए कि अरब और इस्लामी दुनिया में वाशिंगटन के प्रति भावनाएं न उत्तेजित होने पाएं। यह बहुत कठिन प्रयास है, और हमें यह देखना होगा कि अमेरिका क्या इजरायल को गाजा पर जमीनी हमले करने से रोक सकेगा?

बीते कुछ दशकों में अरब और इस्लामी दुनिया का फिलिस्तीन से ध्यान बंटने लगा था। इस कारण खासतौर से वेस्ट बैंक में इजरायल ने अपनी मनमानी शुरू कर दी थी। वहां उसने न सिर्फ बाड़ेबंदी की, बल्कि अपने लोगों को बसाना भी शुरू कर दिया था। यह सिलसिला 15 साल से ज्यादा समय से चल रहा है। फिलिस्तीनियों की नाराजगी यह भी है कि इजरायल इसी तरह धीरे-धीरे उनकी शेष भूमि भी हड़प रहा है। इससे उनका जीवन बहुत ही मुश्किल हो गया है, जिससे जाहिर तौर पर इजरायल-फिलिस्तीन मसले का हल भी बेहद कठिन प्रतीत हो रहा है।

पहले फिलिस्तीनी संगठनों सहित तमाम अरब देश इजरायल के अस्तित्व को ही नकारा करते थे। उनका यह मानना था कि संयुक्त राष्ट्र के जरिये सन् 1947 में किया गया इजरायल- फिलिस्तीन विभाजन मूलतः फिलिस्तीनियों के साथ नाइंसाफी है। मगर सन् 1977 के बाद धीरे-धीरे फिलिस्तीनियों के साथ कई अरब देश भी इसी नतीजे पर पहुंचे कि इजरायल के साथ-साथ एक स्वतंत्र फिलिस्तीन का कायम होना ही इस समस्या का समाधान है। मिस्र की भी यही राय बन गई थी। मगर लगता है कि इजरायल के नेतागण व सामरिक कूटनीतिज्ञ इससे इत्तफाक नहीं रखते थे। फिर, हाल-फिलहाल इजरायल के संबंध कुछ प्रमुख अरब देशों से भी बने, जिनमें संयुक्त अरब अमीरात भी शामिल है। इससे इजरायली सरकार को लगने लगा कि वह फिलिस्तीन मसले को नजरंदाज कर सकती है। मगर हमास के ताजा आतंकी हमले के बाद एक बार फिर फिलिस्तीन का मसला वैश्विक मंचों पर बहस के केंद्र में आ गया है। महाशक्तियों को इसके ऊपर अपने हाथ सेंकने के बजाय शांति बहाली का मार्ग तलाशना चाहिए।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# ओलंपिक खेलों में बहुत देर से हुई चौके-छक्के की वापसी

गोपाल शर्मा, पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर

क्रिकेट को बहुत पहले ही ओलंपिक में आ जाना चाहिए था। इसमें जब भी क्रिकेट को शामिल करने की बात चली, उसके प्रारूप पर खासा विचार किया गया। पांच दिनी टेस्ट को शामिल करना संभव नहीं था। जब एकदिवसीय क्रिकेट आया, तब भी अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने यही दलील दी कि एक मैच पूरे दिन चलेगा, तो क्रिकेट को ओलंपिक में लाना मुमकिन नहीं है, पर जैसे ही क्रिकेट का नया प्रारूप ट्वंटी-20 आया, संभावनाएं बढ़ गईं। राष्ट्रमंडल खेलों के बाद एशियाई खेलों में भी क्रिकेट शामिल किया गया। आयोजन बहुत सफल रहा, तो आईओसी पर दबाव बना और नतीजा सबके सामने है।

बीस-बीस ओवर के खेल में समय भी कम लगेगा और एक दिन में तीन-चार मैच हो सकेंगे। ट्वंटी-20 की इसी खूबी को देखते हुए आईओसी ने मन बदला है और क्रिकेट को जगह देने का फैसला किया है। क्रिकेट के इस प्रारूप की लोकप्रियता अब और बढ़ेगी। यह फैसला ऐसे समय आया है, जब भारत में हो रहे विश्व कप के रंग में कई देश रंगे हुए हैं। दो दर्जन ऐसे देश हैं, जहां क्रिकेट रगों में बहता है। क्रिकेट के जुनून को इसी से समझा जा सकता है कि इसे कुछ ही देश खेलते हैं, पर इसका वैश्विक बाजार फुटबॉल को टक्कर देता है।

साल 1998 में पुरुषों के क्रिकेट ने राष्ट्रमंडल खेलों में प्रवेश किया था। इस बार हांगझोउ एशियाई खेल में क्रिकेट को जगह मिली, इसमें भारत की दूसरी कतार की टीम खेलने गई और स्वर्ण पदक जीतकर लौटी है, इससे भी देश में क्रिकेटरों का मनोबल बढ़ा है। भारत में भी इस खेल की तस्वीर एकदम बदलने वाली है। आने वाले दिनों में दुनिया के अधिकांश देशों में चौके-छक्के लगते दिखाई देंगे। यों तो दुनिया में तकरीबन 110 देशों में क्रिकेट खेला जाता है, पर आईसीसी ने अपनी रैंकिंग में करीब 85 देशों को रखा है। इनमें से दस टीमों ने एकदिवसीय विश्व कप में क्वालीफाई किया है।



आईसीसी अर्थात अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट कौंसिल के आला पदाधिकारी और तकनीकी जानकार विश्व कप के बाद जल्द ही बैठेंगे और आगे की रणनीति तैयार करेंगे। पेरिस के बाद, यानी लॉस एंजिल्स 2028 ओलंपिक में कितनी टीमों को प्रवेश दिया जाए, क्वालीउफाइंग की क्या प्रक्रिया हो, इस पर विचार करेंगे। फुटबॉल विश्व कप खत्म होते ही अगले संस्करण के लिए क्वालीफाइंग मुकाबले शुरू हो जाते हैं, अब क्रिकेट का भी यही हाल होगा। ओलंपिक में हिस्सा लेने के लिए विभिन्न देशों की क्रिकेट टीमों के बीच होड़ होगी। आने वाले दिनों में ऐसे-ऐसे देशों के हाथों में बल्ला दिखेगा, जिनका दबदबा अन्य खेलों में है, पर जो क्रिकेट से अनजान हैं।

इस फैसले का एक पक्ष सीधे खिलाड़ियों की भावनाओं से भी जुड़ेगा। टीमें क्रिकेट में चाहे जितनी बड़ी सफलता हासिल कर लें। विश्व कप, एशिया कप या बड़ी से बड़ी सीरीज जीत जाएं। आईसीसी की रैंकिंग में नंबर-वन हो जाएं, पर वह अनुभूति नहीं होती, जो देश के लिए ओलंपिक में पदक जीतने पर होती है। याद कीजिए, जब 2008 बीजिंग ओलंपिक में निशानेबाज अभिनव बिन्द्रा या पिछले टोक्यो ओलंपिक में जैवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा स्वर्ण जीतने के बाद पदक लेने के लिए पोडियम पर चढ़े और जब उन्हें पदक पहनाया गया, तब राष्ट्रगान के साथ हमारा तिरंगा धीमे-धीमे ऊपर चढ़ रहा था। उसे देखकर हर भारतीय के शरीर में सिहरन हुई थी। खिलाड़ियों समेत तमाम खेलप्रेमियों की आंखों में खुशी के आंसू छलक आए थे। अब क्रिकेट में भी ऐसा होगा।

क्रिकेट के बाजार को बढ़ाने में ओलंपिक खास मदद करेगा। जब इस खेल में और देश उतरेंगे, तो आईसीसी का काम भी बहुत बढ़ जाएगा। कुछ द्विपक्षीय शृंखलाओं को कम करने की जरूरत पड़ सकती है। भारत चूंकि आज क्रिकेट की सबसे बड़ी ताकत है, तो उसे लाभ मिलना तय है। ओलंपिक में शुद्ध भारतीय टीम भाग लेगी, इसे लेकर किसी को भ्रम नहीं होना चाहिए।

वैसे आईओसी को यह फैसला काफी पहले ले लेना चाहिए था। क्रिकेट को ओलंपिक में लेने की बात जब 1982 और 1995 में उठी थी, तभी अगर मजबूती से फैसला हो जाता, तो इस खेल का जादू अब तक आधी दुनिया में छा गया होता। खैर, देर आए दुरुस्त आए।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# बढ़ते तनाव के बीच शांति की संभावना क्षीण

जी. पार्थसारथी

अरब भूमि पर लंबे समय से इस्राइली कब्जे के हश्र में 1987 में फिलिस्तीनी लड़ाकू संगठन हमास बना था, वक्त के साथ फिलिस्तीनियों का आंदोलन 'इंतिफादा' के नाम से मशहूर हुआ। हमास, जिसको ज्यादातर पश्चिमी देश कट्टरपंथी इस्लामिक संगठन मानते हैं, वह फिलिस्तीनी इलाकों पर इस्राइल के कब्जा-अभियानों को कड़ी टक्कर देने में एक बड़ी शक्ति बनकर उभरा। इस्राइल द्वारा अपनी नीतियों पर बने रहने के कारण, कब्जाए गए क्षेत्रों में फिलिस्तीनियों का विरोध बढ़ता चला गया, जिनका अंतिम ध्येय है गाज़ा पट्टी और जॉर्डन नदी के पश्चिमी खित्ते पर इस्लामिक राज्य की स्थापना। यह संकल्प, मिस्र का इस्राइल से राजनयिक संबंध कायम करके अपने इस पड़ोसी से दोस्ती बना लेने के बावजूद है। लेकिन मिस्र भी हमबिरादर अरबी लोगों और मुल्कों की भावनाओं की अनदेखी नहीं कर पाएगा।

पूर्व प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव ने 1992 में निर्णायक इच्छाशक्ति दिखाते हुए इस्राइल के साथ राजनयिक संबंध स्थापित किए। जहां भारत फिलिस्तीनियों के जायज हकों का निरंतर समर्थन करता आया है, वहीं इस्राइल के साथ भी हमारे रिश्ते बढ़ते गए। भारत की यह धारणा पहले भी थी और आज भी यही है कि अपने अड़ोस-पड़ोस में, सुस्पष्ट सीमाओं वाले इस्राइल की सुरक्षा की गारंटी बने रहे। भारत का दृढ़ विश्वास है कि इस्राइल या किसी अन्य द्वारा हिंसा का सहारा लेने से समस्या हल नहीं होने वाली, बल्कि इससे पाट सिर्फ और चौड़ा होगा। यह हकीकत है कि इस्राइल को अपनी सीमाओं पर फिलिस्तीनी गुटों का आक्रमण निरंतर झेलना पड़ता है। ठीक इसी समय, यह बात भी ज़हन में रखनी होगी कि फिलिस्तीनियों को उनके मानवीय, क्षेत्रीय, आर्थिक और राजनीतिक हकों से महरूम नहीं किया जा सकता।



इस्राइली नीतियों और जबरन कब्जा करने के विरुद्ध आंदोलनों की अगुवाई करने वाले हमास संगठन की स्थापना एक फिलिस्तीनी इमाम और कार्यकर्ता अहमद यासीन ने 1973 में की थी। हमास पहले भी, और वर्तमान में भी, एक लड़ाकू संगठन है, जो इस्राइल के विरुद्ध सशस्त्र आंदोलन चलाने की वकालत करता है। कोई हैरानी नहीं कि हमास के प्रतिद्वंद्वी और धर्मनिरपेक्ष 'फाताह' नामक गुट का उद्भव भी जल्द ही हुआ, जिसको स्पष्टतः मिस्र और पश्चिमी जगत का समर्थन प्राप्त है। फिर भी लड़कर अपना इलाकाई हक प्राप्त करने वाली छवि के चलते हमास फिलिस्तीनियों का नायक है और उसने लोगों से आह्वान किया कि वे फिलिस्तीनी विधान परिषद में उसके उम्मीदवार चुनकर भेजें। वर्ष 2006 में फिलिस्तीनी विधान परिषद चुनाव में प्रतिद्वंद्वी फाताह को हराने के बाद हमास के हाथ में गाज़ा पट्टी का नियंत्रण आ गया।

दरअसल, हमास इस्राइल के जिस्म में गड़ा हुआ एक कांटा है और वह भी कट्टरवादी धार्मिक नीतियों और रीतियों को लगातार बढ़ावा दे रहा है। उसके लड़ाके इस्राइल से लगातार भिड़ते रहते हैं। संक्षेप में, स्पष्टतः हमास का ध्येय है कि वर्ष 1967 में मिस्र को हराने के बाद जिस इलाके पर इस्राइल का कब्जा हो गया, उस पुरानी सीमा रेखा के अंदर वह एक इस्लामिक राष्ट्र स्थापित कर पाए। अब राजनीतिक तौर पर माना जा रहा है हमास इस्राइल से हल निकालने को तैयार है बशर्ते उसे वह इलाका मिलने की गारंटी हो, जो पहले मिस्र के पास था।

हाल के दिनों में हैरान करने वाली घटना घटी, जब 7 अक्टूबर को हमास ने इस्राइली इलाकों पर बहुत बड़ा आतंकी हमला किया। चार दिनों की भीषण लड़ाई के बाद खबर आई कि हमास ने लगभग 1200 इस्राइली मार डाले और 150 को बंधक बना रखा है। लेकिन अब इस्राइल का जवाबी हमला वक्त की बात है। लेकिन उम्मीद करें कि इस्राइली बेगुनाह आम नागरिकों की जिंदगी की कद्र करेगा। इसी बीच, अमेरिका उस इलाके में तैनात अपनी नौसेना को और सुदृढ़ कर रहा है, जो कि इस्राइली द्वारा अपना इलाका फिर से प्राप्त करने की मुहिमों में प्रतीकात्मक मदद के तौर पर वहां है। आने वाले महीनों में अमेरिका में राष्ट्रपति और प्रांतीय सरकारों के चुनावों के मद्देनज़र, बाइडेन प्रशासन के पास विकल्प कम ही है, सिवाय इसके कि जो भी 'माकूल तरीका' इस्राइल चुनेगा, उसका साथ दे। इसमें अमेरिका को अपने यूरोपियन सहयोगियों से समर्थन मिलने का भरोसा है। अमेरिका को एक अन्य सैन्य कार्रवाई में फंसते देख, जिसका अनुमोदन इस्लामिक जगत में कोई नहीं करना चाहेगा, रूस और चीन ऐसे नजारे का आनंद लेना चाहेंगे।

पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव से जो हालात पैदा हो सकते हैं, उससे निपटने के लिए भारत अच्छी स्थिति में दिखाई दे रहा है। इस्राइल फिलिस्तीनी इलाकों पर बड़े पैमाने पर चढ़ाई करने के लिए तैयारी कर रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने हमास के हमले के बाद इस्राइली समकक्ष बेंजमिन नेतन्याहू से भारत की ओर से सहानुभूति और समर्थन व्यक्त किया था। मोदी ने कहा 'आतंकी हमले की खबर से गहरा झटका लगा है, हमारी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं विपत्ति-ग्रस्त बेगुनाह लोगों और उनके परिवारों के साथ हैं। इस मुश्किल घड़ी में हम इस्राइल के साथ खड़े हैं।' विदेश मंत्रालय ने हालांकि बाद में स्पष्टीकरण देते हुए कहा 'भारत हमेशा से संप्रभु, स्वतंत्र और व्यवहार्य फिलिस्तीन राष्ट्र की स्थापना के लिए, जो कि मान्यता प्राप्त सीमाओं के भीतर और सुरक्षित हो, संबंधित पक्षों के बीच सीधी वार्ता का हामी रहा है।' संक्षेप में, भारत पश्चिम एशिया में बन रही स्थिति का अवलोकन सावधानीपूर्वक कर रहा है।

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान
विज्ञापन के लिए संपर्क करे:-
9827806026,
7869620239

Sargam
Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair

DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी


JITU'Z
CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बैंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)






# श्रीकंचनपथ

छत्तीसगढ़



इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com
WWW.ONLYTDS.COM




## खास खबर

### मनरेगा जॉब कार्ड, पेन कार्ड स्मार्ट कार्ड सहित मतदान हेतु अन्य वैकल्पिक पहचान पत्र निर्धारित

**रायपुर।** विधानसभा चुनाव 2023 के तहत होने जा रहे मतदान के समय सभी मतदाता जिन्हें निर्वाचक फोटो पहचान पत्र जारी किए गए है, वे वोट डालने हेतु मतदान केन्द्रों पर निर्वाचक फोटो पहचान पत्र दिखाएगे, किन्तु जो मतदाता निर्वाचक फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत नहीं कर पाते वे अपनी पहचान हेतु निर्धारित वैकल्पिक पहचान पत्र प्रस्तुत कर वोट डाल सकेंगे। वैकल्पिक पहचान पत्र के रुप निर्धारित किए गए पहचान पत्रों में पासपोर्ट, ड्राईविंग लाईसेंस, केन्द्र/राज्य शासन अथवा सार्वजनिक लोक उपक्रम द्वारा अपने कर्मचारी को जारी किया जाने वाला फोटोयुक्त पहचान पत्र, बैंकों डाकघरों द्वारा जारी की गई फोटोयुक्त पासबुक, पेन कार्ड, आरजीआई एवं एनपीआर द्वारा जारी की गई स्मार्ट कार्ड, मनरेगा जाब कार्ड, श्रम मंत्रालय योजना के अंतर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, निर्वाचन तंत्र द्वारा जारी प्रमाणित फोटो मतदाता पर्ची, विधायक, सांसदों, विधान परिषद, सदस्यों को जारी किए गए सरकारी पहचान पत्र, आधार कार्ड, आदि शामिल है, इनमें से कोई भी एक पहचान पत्र मतदान केन्द्र पर प्रस्तुत कर मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकता है।

### द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**सूरजपुर।** भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के निर्देशानुसार फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली का द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम-2023 के दौरान मतदाता सूची में पंजीकृत हुये नये मतदाताओं एवं मतदाता सूची में संशोधन, डुप्लीकेट मतदाताओं को ईपिक कार्ड वितरण के संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय अग्रवाल के द्वारा जिले के सर्व पोस्ट मास्टर, उप डाकघर की बैठक ली गई। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के द्वारा सभी पोस्ट मास्टर को जिला निर्वाचन कार्यालय से भेजे जा रहे ईपिक कार्ड को समय-सीमा में वितरण किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। इसके अतिरिक्त जिन मतदाताओं के ईपिक कार्ड वितरण हेतु समस्या उत्पन्न हो रही हो उसी स्थिति में मतदान केन्द्र स्तर पर बूथ लेवल अधिकारियों से समन्वय स्थापित करते हुए समय-सीमा में ईपिक कार्ड वितरण किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के द्वारा नये मतदाताओं एवं संशोधित, डुप्लीकेट ईपिक कार्ड हेतु प्राप्त आवेदन के आधार पर इस कार्यालय से भेजे गये ईपिक कार्ड मतदान दिवस के पूर्व सभी मतदाताओं को समय पर उपलब्ध कराये जाने हेतु निर्देश दिया गया। इस दौरान बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत सुश्री लीना कोसम, उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. प्रियंका वर्मा एवं तीनों विधानसभा क्षेत्र के रिटर्निंग ऑफिसर उपस्थित रहें।

### प्रथम चरण का रेंडमाइजेशन 20 को

**महासमुंद।** विधानसभा आम निर्वाचन 2023 हेतु जिले के चारों विधानसभा क्षेत्र महासमुंद-42, खल्लारी-41, बसना-40 एवं सरायपाली-39 के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री प्रभात मलिक द्वारा 20 अक्टूबर 2023 को होने वाले प्रथम चरण के रेंडमाइजेशन के लिए अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। रेंडमाइजेशन के तहत सीयू-1434, बीयू-2213 एवं वीवीपीएटी-1610 का प्रातः 10:00 बजे से कलेक्टर परिसर स्ट्रांग रूम में रेंडमाइजेशन फेस-1, स्कैनिंग एवं सेग्रीगेशन कार्य होगा।

## भारतीय ज्ञान परंपरा विषय पर एफडीपी कार्यक्रम का आयोजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। इंदिरा गांधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय वैशाली नगर भिलाई में राष्ट्रीय सात दिवसीय भारतीय ज्ञान परंपरा विषय पर आधारित एफडीपी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. श्रीमती अलका मेश्राम द्वारा किया गया।



इन्होंने भारतीय ज्ञान परंपरा वर्तमान समय में हर क्षेत्र एवं विषय में उसकी आवश्यकता पर प्रकाश डाला साथ ही महाविद्यालय की प्राध्यापिका एवं आई.के. एस. की संयोजक डॉक्टर शिखा श्रीवास्तव ने भारतीय ज्ञान परंपरा का वैदिक काल से वर्तमान तक उनके मूल्यों पर चर्चा की।

प्रथम दिवस जगतगुरु देवनाथ इंस्टिट्यूट ऑफ़ वैदिक साइंस रिसर्च नागपुर के प्रोजेक्ट संयोजक अनुराग देशपांडे ने भारतीय ज्ञान परंपरा की प्राचीन परंपरा हमारे दैनिक जीवन से ओत प्रोत है के महत्व के बारे में जानकारी दी। द्वितीय दिवस डॉक्टर प्रियंका द्विवेदी सहायक प्राध्यापक संस्कृत साहित्य, सोमनाथ संस्कृत महाविद्यालय, गिर सोमनाथ, गुजरात ने नाट्य कथावस्तु भारतीय ज्ञान परंपरा के संदर्भ में जानकारी प्रस्तुत की। तीसरे दिन श्री कौस्तुभ भगत सहायक प्राध्यापक, तोलोनी महाविद्यालय, बॉम्बे यूनिवर्सिटी ने भारतीय ज्ञान परंपरा के तहत परंपरागत भारतीय जल प्रबंधन एवं संरक्षण विषय पर विस्तृत जानकारी दी जो वर्तमान में जल संरक्षण के लिए अति महत्वपूर्ण है। चौथे दिन डॉक्टर एस. एस. रघुवंशी सेवानिवृत्ति वैज्ञानिक, डिपार्टमेंट ऑफ़ एटॉमिक एनर्जी हैदराबाद ने वैदिक परंपरा से विज्ञान एवं तकनीक के विषय पर विस्तृत जानकारी दी। पांचवें दिन भंते डॉक्टर चंद्रकीर्ति, सहायक प्राध्यापक, सम्राट अशोक सुब्रति स्कूल मेरठ ने पाली भाषा की वर्तमान समय में उपयोगिता पर प्रकाश डाला। छठे दिन डॉक्टर जय शर्मा एसोसिएट प्राध्यापक शासकीय कन्या महाविद्यालय, सीहोर, मध्य प्रदेश ने भारतीय ज्ञान परंपरा में वाणिज्य एवं व्यवस्थापन के मूल्य - प्राचीन से वर्तमान के बारे में जानकारी दी। इसी प्रकार सातवें और अंतिम दिन डॉक्टर ज्योति पाटील प्राचार्य शासकीय महाविद्यालय, नागपुर ने भारतीय ज्ञान परंपरा का परंपरागत स्वरूप एवं आधुनिक स्वरूप एवं उनके सहसंबंधों की विस्तृत जानकारी दी।

महाविद्यालय की प्राचार्य डॉक्टर अलका मेश्राम में सभी वक्ताओं के सारगर्वित उद्बोधन की सराहना की। साथ ही आई.के. एस. प्रभारी डॉ शिखा श्रीवास्तव द्वारा धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में प्रतिदिन 150 से 200 प्रतिभागी सम्मिलित हुए। महाविद्यालय से डॉक्टर कैलाश शर्मा, डॉक्टर नीता डेनियल, डॉक्टर एस के बोहरे, अमृतेश शुक्ला, डॉक्टर मेरिली रॉय, डॉक्टर रविंद्र छाबड़ा, डॉक्टर किरण रामटेके, डॉक्टर नमिता गुहा राय, डॉक्टर स्मृति अग्रवाल, डॉक्टर आरती दीवान, डॉक्टर अजय मनहर, डॉक्टर अलपा श्रीवास्तव, डॉक्टर मीनाक्षी भारद्वाज ,प्रो सुरेश ठाकुर, प्रो सुशीला शर्मा, डॉ चांदनी मरकाम , प्रो अत्रीका कोमा , डॉ संजय दास आदि सम्मिलित हुए।

## कलेक्टर ने मतदाता जागरूकता रथ के वाहन को किया रवाना

श्रीकंचनपथ न्यूज

**सारंगढ़-बिलाईगढ़।** लोकतंत्र को मजबूत बनाने तथा आगामी विधानसभा में शत प्रतिशत मतदान के लिए प्रोत्साहित करने हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर डॉ फरिहा आलम सिद्दीकी के मार्गदर्शन में स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत जिले में अनेक मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में समाज कल्याण विभाग एवम् मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सारंगढ़ द्वारा संयुक्त रूप से दिव्यांग और सियान मतदाताओं के लिए जनजागृति अभियान का संचालन किया जा रहा है।

यह मतदाता जागरूकता रथ सभी 129 ग्राम पंचायतों में अनवरत भ्रमण करेगा। इस मतदाता जागरूकता रथ को कलेक्टोरेट परिसर से कलेक्टर डॉ सिद्दीकी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर पंचायत नोडल श्री हरिशंकर चौहान, समाज कल्याण विभाग के अधिकारी श्री विनय तिवारी एवं सारंगढ़ जनपद सीईओ श्रीमती संजू पटेल उपस्थित थीं।

इस रथ के माध्यम से दिव्यांगजनों एवं 80 वर्ष की आयु से अधिक के मतदाताओं के लिए व्हीलचेयर एवं पोस्टल बैलेट की सुविधा का प्रचार प्रसार किया जाएगा, इसके साथ ही दिव्यांगजन उनका सम्मान किया जाएगा। इसके अलावा मतदाता जागरूकता के लिए ग्राम भ्रमण करते हुए इस रैली के माध्यम से उपस्थित सभी लोगों द्वारा शत प्रतिशत मतदान हेतु शपथ संकल्प लिया जाएगा। मंगलवार 17 अक्टूबर 2023 से प्रारंभ हुई इस रथ यात्रा में ग्राम पंचायत केडार में मतदाता जागरूकता हेतु शिविर संचालन किया गया, इसी क्रम में 18 अक्टूबर को ग्राम पंचायत कटेली, 19 अक्टूबर को ग्राम पंचायत नौरंगपुर, 20 अक्टूबर को ग्राम पंचायत घौठला बड़े, 21 अक्टूबर को ग्राम पंचायत छातादेई होते हुए 22 अक्टूबर को ग्राम पंचायत मौहाढोढ़ा में उक्त मतदाता जागरूकता रथ का समापन होगा।

## विस्तार गतिविधि संकलित ज्ञान का आदान-प्रदान

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कार स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग के हिंदी एवं संस्कृत विभाग तथा राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्र इकाई द्वारा विस्तार गतिविधि के तहत औद्योगिक ग्राम रसमड़ा के शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला में शिक्षा स्वास्थ्य एवं संस्कृति से संबंधित कार्यक्रम आयोजित किया गया।




विस्तार गतिविधि से तात्पर्य संकलित ज्ञान का आदान-प्रदान के माध्यम से विस्तार करना है, जिसके तहत महाविद्यालय के प्राध्यापक तथा विद्यार्थी गांव के विद्यालयों में पहुंचकर आयोजन के उद्देश्य को चरितार्थ करते हैं।

महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने रसमड़ा विद्यालय के विद्यार्थियों को कैरियर गाइडेंस, मोबाइल के दुष्प्रभाव तथा 12वीं कक्षा उत्तीर्ण करने के पश्चात विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं तथा अध्ययन के विविध क्षेत्रों की जानकारी दी।

स्वच्छता, स्वास्थ्य एवं शिक्षा के प्रति जागरूकता का संदेश देते हुए नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन किया गया। देश-भक्ति सामाजिक-दायित्व तथा मतदाता-जागरूकता पर महाविद्यालय के मृदुल निर्मल, मो.सारिक, हरीश साहू एवं मो. आदिल ने भावपूर्ण काव्य पाठ किया। महाविद्यालय की छात्राओं सुमन एवं रंजना ने स्त्री-जनित स्वास्थ्य समस्याओं पर विद्यालय की छात्राओं को जागरूक किया। अपने शिक्षकों की प्रेरणा से रसमड़ा विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने लोकगीत, लोक नृत्य तथा शास्त्रीय नृत्य से विद्यालय प्रांगण में उपस्थित दर्शकों एवं विद्यार्थियों को मंत्र मुग्ध कर दिया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अपने उद्बोधन में हिंदी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ.अभिनेष सुराना ने हिन्दी के महत्व तथा हिन्दी विषयक रोजगार पर विस्तार से जानकारी दी। संस्कृत के विभागाध्यक्ष जनेन्द्र दीवान ने संस्कृत की प्राचीनता तथा प्रासंगिकता पर विचार व्यक्त करते हुए कहा कि संस्कृत से शिक्षित व्यक्ति के लिए कभी भी रोजगार की समस्या नहीं होती, संस्कृत रोजगार का द्वार है। रसमड़ा विद्यालय के प्राचार्य एम.एल. चंदेल ने विस्तार गतिविधि के लिए रसमड़ा विद्यालय के चयन के लिए महाविद्यालय के प्रति आभार व्यक्त किया।

उक्त संपन्न कार्यक्रम में रसमड़ा विद्यालय के व्याख्याता एन.जोशी, आर.दहरे, बी.बंजारे, एम.मांडवी एस.हुमने, श्रीमती व्ही.वर्मा, व्ही.एल.नोरके, श्रीमती एन.जोशी तथा महाविद्यालय के डॉ. बलजीत कौर, डॉ. सरिता मिश्रा, डॉ.ओमकुमारी देवांगन, डॉ.शारदा सिंह, डॉ.लता गोस्वामी सहित बड़ी संख्या में महाविद्यालय एवं रसमड़ा विद्यालय के विद्यार्थी उपस्थित थे। जे.एस गावरे एवं डॉ रजनीश उमरे ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम का संचालन किया। श्रीमती एन.व्ही.एस.नलिन ने आभार वक्तव्य दिया।

## माता का प्रतिदिन अलग अलग श्रृंगार के साथ प्रतिदिन मन्दिर परिसर में कन्या भोज

श्रीकंचनपथ न्यूज

दुर्ग। प्रदेश के एकमात्र स्थान दुर्ग के गंजपारा स्थित श्री सत्तीचौरा माँ दुर्गा मंदिर परिसर में नवरात्र के अवसर पर मंदिर परिसर में विराजमान माता जी एवं क्वांर नवरात्र पर्व में पंडाल में विराजमान माता जी का प्रतिदिन अलग अलग रुप में श्रृंगार किया जाता है। इसके साथ साथ दुर्गा मन्दिर परिसर में प्रतिदिन कन्या भोज कराया जाता है।



मन्दिर परिसर नवरात्रि में घटस्थापना के बाद यहां पर रोजाना बेटियों को भोजन करा के देवी भक्त माता को प्रसन्न कर रहे हैं। दुर्गा स्वरूप इन बेटियों को वे उनकी जरूरत का सामान भी उपहार में दे रहे हैं ताकि वह उसका उपयोग भी कर सकें।

समित्ति के ईशान शर्मा ने बताया कि पंडाल में रोजाना दोपहर 12 बजे कन्या पूजन किया जा रहा है। जिसमें सरकारी स्कूलों में पढने़ वाली बेटियों को यहां बुलाया जा रहा है। और मंदिर परिसर में रोजाना दोपहर 12 बजे कन्या पूजन किया जा रहा है। जिसमें सरकारी स्कूलों में पढने़ वाली बेटियों को यहां बुलाया जा रहा है। इन बेटियों का पूजन कर उन्हें भेंट में शिक्षण सामग्री जैसे पेंसिल, रबर, शॉपनर, कॉपी, पेन आदि दिए जा रहे हैं ताकि वे शिक्षा की ओर बढ़ें। समिति के लोगों का मानना है कि बेटियां अगर शिक्षित होंगी तो समाज भी शिक्षित होगा। प्रतिदिन कन्या भोज में सभी कन्याओं को सुश्री पायल जैन नवकार परिसर द्वारा 8 प्रकार के फल का वितरण भेंट स्वरूप किया जा रहा है।

### माता का श्रृंगार है खास

समिति के अर्जित शुक्ला ने बताया कि सत्तीचौरा में विराजित मां दुर्गा की विशाल प्रतिमा की अपनी अलग पहचान लिए हुए हैं। यहां माता का रोजाना अलग-अलग श्रृंगार किया जा रहा है। ग्राम थनौद के मूर्तिकार मेघु मानिकपुरी की बनाई इस प्रतिमा का प्रतिदिन श्रृंगार विगत कई वर्षों से हेमंत मनिकपुरी करते आ रहे हैं।

सत्तीचौरा दुर्गा मंदिर में इस वर्ष 401 ज्योतिकलश की स्थापना भी की गई है। साथ ही यहां आकर्षित चलित झांकी में श्री हनुमान जी द्वारा श्री राम भक्ति एवं महाकाल दर्शन बनाया जा गया है जिसे देखने लोग पहुंच रहे हैं। झांकी के निर्माता मनीष सेन एवं सोनल सेन है।

## जागरूक मतदाता अच्छे जनप्रतिनिधि चुन सकते हैं : सौरभ कुमार

श्रीकंचनपथ न्यूज

कोरबा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ कुमार ने प्रजातंत्र की मजबूती के लिये मतदान को आवश्यक बताते हुए कहा कि जागरूक मतदाता अच्छे जनप्रतिनिधि चुन सकते हैं। उन्होंने कहा कि मतदाताओं को निष्पक्ष होकर और प्रलोभन से दूर रहकर मतदान करने जागरूक बनना चाहिए।

उन्होंने कहा कि मतदाताओं को उनके वोट का महत्व समझाना होगा। मतदाता जागरूक होकर मतदान में हिस्सा लेंगे तो एक बेहतर जनप्रतिनिधि चुन सकते हैं और जनप्रतिनिधियों के माध्यम से अपने क्षेत्र का बेहतर विकास भी करा सकते हैं।

कलेक्टर सौरभ कुमार ने जिले जिले के मतदाताओं को जागरूक होकर मतदान करने की अपील की। उन्होंने जिले में स्वीप द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रमों के माध्यम से मतदाताओं को अनेक जानकारी मिलने की बात कहते हुए कहा कि स्वीप की टीम का योगदान निर्वाचन के दौरान महत्वपूर्ण हो जाता है। इसलिए वे जिम्मेदारी के साथ मतदाताओं को जागरूक करें। कलेक्टर ने प्रजातंत्र की रक्षा और मजबूती के लिए मतदान को आवश्यक बताते हुए कहा कि मतदान करके हम अपनी पसंद का उम्मीदवार, जनप्रतिनिधि के रूप में चुन सकते हैं। जहां के मतदाता जागरूक होंगे वहां के जनप्रतिनिधि भी विकास कार्यों में रूचि लेंगे। विकास कार्यों से जुड़ी योजनाओं, नीति में जनप्रतिनिधियों का योगदान होता है।

## विधानसभा क्षेत्रों में मतदाता जागरूकता के लिए चलाया जाए स्वीप कार्यक्रम

श्रीकंचनपथ न्यूज

**गरियाबंद।** विधानसभा आम निर्वाचन 2023 के दौरान जिले में मतदान के प्रतिशत बढ़ाने और मतदाता जागरूकता हेतु सामान्य स्वीप गतिविधियों के आयोजन के संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री आकाश छिकारा ने आवश्यक दिशा - निर्देश दिये हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने गरियाबंद जिले में विधानसभा आम निर्वाचन 2023 में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से स्वीप कार्ययोजना अंतर्गत मतदाता जागरूकता से संबंधित स्वीप गतिविधियों का संचालन करने के निर्देश दिए गए हैं। इस तारत्मय में जिले में प्रतिदिन मतदाता जागरूकता संबंधित कार्यक्रम का आयोजन जिला पंचायत के सीईओ श्रीमती रीता यादव के मार्गदर्शन में लगातार किया जा रहा है। स्वीप गतिविधियों के संचालन एवं पर्यवेक्षण के लिए राजिम एवं बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र स्तर पर एक स्वीप नोडल अधिकारी की नियुक्ति की गई है। इसके साथ-साथ समस्त उच्च शिक्षण संस्थानों में नवप्रवेशित नये छात्र-छात्राओं को मतदान प्रक्रिया से जोड़ने हेतु प्रेरक कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिसमें कैम्पस एम्बेसडर एवं प्रोफेसर नोडल अधिकारी (स्वीप) का विशेष सहयोग लिया जा रहा है। श्री छिकारा ने कहा कि विधानसभा आम निर्वाचन 2023 में मतदाता जागरूकता के संदेशों का प्रचार-प्रसार हेतु जिला स्तर पर संचालित अधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का उपयोग किया जाए। मतदाता जागरूकता से संबंधित प्रेरक नारों को शासकीय कार्यालयों की दीवारों पर खाली स्थानों में सुंदर लिखावट में प्रदर्शित किया जाए। साथ ही ग्रामीण इलाकों एवं हाट बाजारों में कोटवार के माध्यम से निर्वाचन से संबंधित विभिन्न सूचनाएं यथा मतदान तिथि, मतदान समयावधि तथा मतदान केन्द्र पर मतदाताओं हेतु उपलब्ध सुविधाओं का मुनादी के माध्यम से प्रचार कराया जाये। निर्वाचन से संबधित प्रमुख तिथियों एवं मतदान करने हेतु प्रेरक संदेशयुक्त पोस्टर डिजाइन तैयार कर सोशल मीडिया के विभिन्न माध्यमों से प्रचार-प्रसार किया जाए। साथ ही जिला निर्वाचन अधिकारी के अधिकारिक वेबसाइट पर मतदाता जागरूकता से संबंधित पोस्टर को प्रदर्शित किया जाए।




ॐ साई राम
माँ पुस्तक भंडार



होलसेल में कापी-किताब एवं स्टेशनरी सामान मिलने का एक मात्र स्थान
पुरानी एवं नई पुस्तकें खरीदी व बेची जाती है
रावणभाटा, सुपेला, भिलाई (छ.ग.)
मो. 7489051024, 7770845578




Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65



CONTACT
Premier sales 8959493000
A Leela Electronics 9425507772
Reena Electronics 9329132299
Shree Electronics 7000827361
Maa Durga Electronics 9827183839
Rohit Electronics 94242-02866
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

## खास खबर...



### छत्तीसगढ़ में बदलेगा मौसम, गिरेगा तापमान, रात में हल्की ठंड में होगी बढ़ोतरी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में मानसून की विदाई के बाद मौसम का मिजाज बदलने लगा है। प्रदेश के कुछ क्षेत्रों में सुबह और रात में हल्की ठंड की शुरुआत हो गई है। मौसम विभाग का कहना है कि शुक्रवार से तापमान में गिरावट शुरू होगी। मौसम विज्ञानियों के अनुसार तापमान में गिरावट से रात में हल्की ठंड में और बढ़ोतरी होगी। हालांकि गुरुवार को अधिकतम व न्यूनतम तापमान में विशेष बदलाव के आसार नहीं है।

मौसम विभाग का अनुमान है कि पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष ठंड अच्छी पड़ने की उम्मीद है। बुधवार को रायपुर का अधिकतम तापमान 33.0 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 22.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दोनों ही सामान्य से एक डिग्री सेल्सियस ज्यादा है। मौसम विज्ञानियों का कहना है कि अगले सप्ताह से ठंड में थोड़ी बढ़ोतरी होगी। इन दिनों दोपहर की तेज धूप बनी हुई है। साथ ही आउटर क्षेत्रों में रात व सुबह के वक्त हल्की ठंड भी लगने लगी है। अभी मौसम का मिजाज ऐसा ही रहेगा। अभी त्योहारी सीजन के चलते कपड़े संस्थानों में त्योहारी व शादी सीजन के हिसाब से कपड़ों की विस्तृत रेंज आ गई है। इसके साथ ही कारोबारियों ने विंटर सीजन का ध्यान रखते हुए गर्म कपड़े भी मंगाने शुरू कर दिए है। बताया जा रहा है कि अगले महीने से शहर के विभिन्न क्षेत्रों में गर्म कपड़ों के स्टाल लगने भी शुरू होंगे।

### कौशल्या विहार में फ्लैट लेने वाले 10 साल के बाद ही बेच सकेंगे

**रायपुर (ए)।** रायपुर विकास प्राधिकरण (आरडीए) निर्मित माता कौशल्या विहार के 6022 फ्लैट में 5480 बुक हो गए हैं। फिलहाल 182 फ्लैट बचे ही हैं। इन फ्लैट में जो ईडब्लूएस के तहत बने हैं उसमें डेढ़ लाख तक सब्सिडी और एलआईजी फ्लैट में ढाई लाख तक ब्याज में छूट दी जा रही है। माना जा रहा है छूट की वजह से फ्लैट की जबरदस्त मांग है लेकिन फ्लैट खरीदने वाले अगले 10 साल तक इसे बेच नहीं सकेंगे। आरडीए ने छूट और सब्सिडी का लाभ देने के साथ ही ये शर्त जोड़ दी है, ताकि प्रापर्टी खरीदी बिक्री करने वाले इसे खरीदने के कुछ दिन के भीतर ही ज्यादा मुनाफा लेकर बेच न दें। आरडीए ने इस नियम को रजिस्ट्री पेपर में जुड़वा दिया है। ऐसे में इनवेस्ट के चक्कर में फ्लैट लेने वालों फ्लैट की बिक्री के लिए दस साल तक इंतजार करना पड़ेगा। अफसरों का कहना है कि फ्लैट बुक करवाने वाले ज्यादातर लोगों को इस नियम की जानकारी नहीं है। इस वजह से जिन्हें प्रापर्टी में पैसे इन्वेस्ट करने थे ताकि कुछ दिनों में बेचकर मुनाफा कमाएं, उन्होंने ने भी फ्लैट बुक करवा लिया है। अब रजिस्ट्री के दौरान लोगों को जानकारी हो रही है। ऐसे लोग पूछताछ करने पहुंच रहे हैं कि अब इसका क्या विकल्प है।

# नवरात्र की पंचमी तिथि पर रायपुर के महामाया मंदिर में माता को लगाया जाएगा महाभोग

**रायपुर (ए)।** शारदीय नवरात्र के पंचमी तिथि पर गुरुवार को माता के पांचवें स्वरूप स्कंदमाता का विशेष श्रृंगार किया जाएगा। मंदिरों में प्रज्वलित हो रही श्रद्धालुओं की मनोकामना जोत और महाजोत की बाती को बदलने अथवा आगे बढ़ाने की रस्म निभाई जाएगी।



### तीन बार महाभोग

पुरानी बस्ती के महामाया मंदिर में माता को तीन बार महाभोग अर्पित करने की परंपरा निभाई जा रही है। सुबह, दोपहर और रात्रि में महाभोग का प्रसाद वितरित किया जा रहा है। चौथे दिन बुधवार को माता के चतुर्थ स्वरूप मां कुष्मांडा की पूजा-अर्चना की गई। देवी मंदिरों में दर्शन करने देर रात तक श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है।

वेदों में छिनमस्तिका, चिंतापूर्णी के नाम से प्रसिद्ध माता को कालाहांडी में मां माणिकेश्वरी के रूप में पूजा जाता है। पुजारी ने भवानीपटनम में माता से प्रार्थना कर आमंत्रित करके दुलारी नगर में स्थापित करवाया। पंचमी पर माता का कपाट खुलेगा। पंचमी के दिन ही माता का दर्शन किया जा सकेगा। इसके बाद साल भर के लिए कपाट बंद हो जाएगा।

अष्टमी तिथि पर 22 अक्टूबर को सुबह चार बजे निकलने वाली छत्तर यात्रा में छत्तर थामकर चल रहे श्रद्धालु और झांकी आकर्षण का केंद्र रहेगी। पुजारी आनादिश्वर भारती ने बताया कि शोभायात्रा में माता का छत्तर वही व्यक्ति उठा सकता है, जिसमें देव योग होता है। छत्तर उठाने वालों की कुंडली देखकर अनुमति दी जाती है। छत्तर यात्रा कालीबाड़ी, पुलिस लाइन होते हुए वापस मारवाड़ी मुक्तिधाम पहुंचेगी, जहां माता को विराजित किया जाएगा।

### बंगाली समाज में आज से छह दिवसीय उत्सव

बंगाली काली बाड़ी समिति के नेतृत्व में छह दिवसीय नवरात्र उत्सव का शुभारंभ पंचमी तिथि से प्रारंभ होगा। रात्रि में भगवान गणेश, कार्तिकेय, मां दुर्गा, मां काली और मां सरस्वती की प्रतिमा की स्थापना की जाएगी। इसके पश्चात षष्ठी से दशमीं तिथि तक विशेष पूजन, महाआरती होगी। महाप्रसादी का वितरण होगा। अंतिम दिन दशहरा पर प्रतिमाओं को विसर्जन के लिए ले जाया जाएगा। विसर्जन से पूर्व महिलाएं सिंदूर खेला की रस्म निभाएंगी। माता के चरणों में सिंदूर अर्पण करके एक-दूसरे के गालों पर गुलाल, सिंदूर लगाकर खुशियां मनाएंगी।

### ओड़िशा संस्कृति के अनुरूप मां माणिकेश्वरी की स्थापना

नवरात्र पर विविध मोहल्लों में दुर्गा पंडालों में भक्तिभाव छाया है। सुबह-शाम मोहल्लेवासी पूजन आरती में उत्साह से शामिल हो रहे हैं। पहली बार मारवाड़ी मुक्तिधाम के समीप दुलारी नगर में ओड़िशा भवानीपटनम के कालाहांडी की मां माणिकेश्वरी की स्थापना ओड़िशा संस्कृति के अनुरूप की जाएगी। पंचमी पर पट खुलेगा।

# त्योहारी सीजन में उपभोक्ताओं के लिए राहत, खाद्य तेल की कीमतों में गिरावट

**रायपुर (ए)।** खाद्य तेलों की कीमतों में जबरदस्त गिरावट बनी हुई है। आम उपभोक्ताओं के लिए राहत भरी खबर है कि त्योहारी सामने है और खाद्य तेलों के दाम बीते दो वर्ष के निचले स्तर पर आ गए है। कारोबारियों का कहना है कि खाद्य तेलों की कीमतों में गिरावट के पीछे मुख्या कारण विदेशी आयातित तेल पर्याप्त मात्रा में आना है।



आवक की तुलना में इन दिनों मांग कमजोर है। विशेषकर सोयाबीन और पाम तेलों में गिरावट बनी हुई है। चिल्हर में इन दिनों खाद्य तेलों के दाम 100 से 105 रुपये प्रति लीटर तक पहुंच गए हैं। फल्ली तेल की कीमतों में थोड़ी तेजी बनी हुई है। कारोबारी प्रसन्न धाड़ीवाल ने बताया कि खाद्य तेलों में आई यह गिरावट एक वर्ष पहले के निचले स्तर पर है। त्योहारी सीजन में अब इसकी मांग में भी बढ़ोतरी होने लगी है। यह माना जा रहा कारण कारोबारियों का कहना है कि केंद्र सरकार द्वारा उठाए गए कदमों और ग्लोबल कीमतों में आ रही गिरावट के चलते खाद्य तेलों के दाम नीचे आए हैं। आयातित खाद्य तेल पर्याप्त मात्रा में आ रहा है। बताया जा रहा है कि इन दिनों ऐसा भी प्रयास हो रहा है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर घटी कीमतों का तालमेल घरेलू स्तर पर भी बैठाया जाएगा। मालूम हो कि सरकार ने पिछले कुछ वर्षों में आयात शुल्क घटाया है।

### शक्कर थोक में ही 4,060 रुपये प्रति क्विंटल पहुंची

त्योहारी सीजन में मांग बढ़ने और कमजोर आवक के चलते शक्कर की कीमतों में जबरदस्त तेजी आ गई है। थोक बाजार में ही शक्कर इन दिनों 4,060 रुपये प्रति क्विंटल पहुंच गई है। चिल्हर में इसकी कीमत 45 रुपये किलो तक पहुंच गई है। आने वाले दिनों में इसकी कीमतों में और बढ़ोतरी हो सकती है।

# कलेक्टर ने किया स्ट्रांग रूम व मतदान केन्द्र का अवलोकन

**रायपुर (ए)।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सर्वेश्वर भुरे ने बुधवार को धरसींवा विधानसभा के खरोरा, धरसीवा और बलौदाबाजार विधानसभा का जिले मे आने वाले क्षेत्र तिल्दा का दौरा किया और चुनाव की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने तिल्दा महाविद्यालय में स्ट्रांग रूम और खरोरा के मतदान केन्द्र का अवलोकन भी किया। कलेक्टर ने वहां निर्वाचन से जुडे अधिकारी-कर्मचारियों की बैठक ली। उन्होंने कहा कि आदर्श आचार संहिता लागू हो चुकी है। सभी निर्वाचन की तैयारियों मे पूरी तरीके से जुट जाएं। यह ध्यान रखें की मैदानी अमला निष्पक्ष होकर कार्य करें। जिले मे शांति-सुव्यवस्था बनाए रखें। असामाजिक तत्वों और शांति भंग करने वाले पर नजर रखें और कड़ी कार्रवाई करें। बनाए गए कंट्रोल रूम को निरंतर सक्रिय रखे और निर्वाचन संबंधित शिकायत मिलने पर तुरंत कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि कम्प्लेन मॉनिटरिंग सिस्टम को मजबूत रखों। निर्वाचन संबंधित शिकायत मिलने पर एफएसटी सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौके पर जांच कर निराकरण करें। कलेक्टर ने कहा कि मतदान केन्द्रों में दिव्यांजनो के लिए रैम्प की व्यवस्था करें और प्रत्येक केन्द्र में मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराएं। डॉ भुरे ने कहा कि शासकीय कार्यालयों-स्थानों पर संपत्ति विरूपण की कार्रवाई पूर्ण रूप से करें। सभी अधिकारी-कर्मचारी निर्वाचन के दौरान मुख्यालय ना छोडें।

एसडीएम प्रकाश टंडन ने बताया कि धरसींवा विधानसभा में 249, रायपुर जिले में बलौदाबाजार विधानसभा क्षेत्र में 110 मतदान केन्द्र हैं। धरसींवा विधानसभा में 10 संगवारी मतदान केन्द्र, 01 युवा मतदान केन्द्र और 01 विकलांग मतदान केन्द्र है। 50 प्रतिशत मतदान केन्द्र में वेबकास्टिंग की जाएगी। जिसकी सारी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है।

### कथा के माध्यम से जीवन का सत्य जानने का मौका मिलता है: ऋषि

**रायपुर (ए)।** धर्मसभा को संबोधित करते हुए उपाध्याय प्रवर प्रवीण ऋषि ने कहा कि कथा के माध्यम से जीवन के सत्य को पहुंचाने का काम होता है। श्रीपाल-मैनासुन्दरी की कथा उतार-चढ़ाव से भरी हुई है। इस कथा से हमें यह सीख मिलती है कि कितनी भी कठनाई आये, अपनी श्रद्धा कभी टूटने मत देना। श्रीपाल को नवकार महामंत्र पर विश्वास है, और मैनासुन्दरी को श्रीपाल पर विश्वास है।

कथा को लेकर कई सवाल भी आते हैं, जैसे श्रीपाल ने कुबड़े का रूप क्यों धरा वह सामान्य रूप में भी तो जा सकता था फिर उसने यह स्वांग क्यों रचा उसने सभा में सबके गहने क्यों चुराए और चुराने के बाद गहनों को वापस क्यों रख दिया ऐसे कई सवाल धर्मसभा में पूछे गए। उपाध्याय प्रवर ने कहा कि यह कथा है, और इसमें रस भरने के लिए नाटक करने पड़ते हैं। श्रीपाल ने कुबड़े का रूप क्यों बनाया, इसके दो सन्देश हैं, कि उसे समय सम्मोहन विद्या मौजूद थी। और अगम के शब्दों में कहें तो यह भावित आत्मा है। भावित आत्मा इस कला से परिचत रहता है।

# रायपुर के शिक्षकों की अनूठी पहल, जो छात्राएं नहीं दे पातीं शुल्क ओजस्वी बैंक से उनको मिलती है मदद

**रायपुर (ए)।** गरीब तबके के बच्चों को शिक्षा मिल सके, इसके लिए सरकार तो कई योजनाएं संचालित करती है, फिर भी कई ऐसे छात्र हैं, जिन्हें योजनाओं का लाभ नहीं मिल पाता और वे शिक्षा से वंचित रह जाते हैं। पैसों के कारण कोई भी शिक्षा से वंचित न रहे, इसके लिए शासकीय दूधाधारी बजरंग महिला महाविद्यालय के हिंदी विभाग की ओर से सार्थक पहल की जा रही है। विभाग की ओर से ओजस्वी बैंक का संचालन किया जा रहा है। बैंक के माध्यम से कालेज में पढ़ने वाली ऐसी छात्राओं को आर्थिक लाभ पहुंचाया जाता है, जो शुल्क देने में आर्थिक रूप सक्षम नहीं हैं।




### 2014 के पहले हुई बैंक की शुरुआत

बैंक के सभी काम विभाग की सहायक प्राध्यापक चंद्रज्योति श्रीवास्तव देखती हैं। सहायक प्रध्यापक चंद्र ज्योति श्रीवास्तव ने बताया कि बैंक की शुरुआत 2014 से पहले हुई है, लेकिन कॉलेज में पदस्थापना के बाद 2017 से बैंक का काम वे ही देख रही हैं। बैंक में विभाग के प्राध्यापक और छात्र पैसा जमा करते हैं।

छात्र प्रतिमाह न्यूनतम 10 रुपये बैंक में जमा करते हैं। इसके बाद कोई अपनी क्षमता के अनुसार इससे ज्यादा रुपये भी दे सकते हैं। सहायक प्राध्यापक चंद्रज्योति श्रीवास्तव ने बताया कि कोरोना के समय आनलाइन माध्यम से पढ़ाई हो रही थी तो बैंक की जरूरत किसी को नहीं पड़ी। इसके बाद कालेज खुला तो बैंक का लाभ लेने के लिए आवेदन आने लगे। 2021 से तीन छात्राओं को सहायता दी गई है।

हिंदी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. सविता मिश्रा ने कहा, कालेज की जो छात्राएं परीक्षा या अध्ययन शुल्क देने में असमर्थ हैं, उनके लिए आवेदन हमारे पास जमा होते हैं। इसके बाद आवश्कतानुसार छात्रा को ओजस्वी बैंक के माध्यम से आर्थिक सहायता दी जाती है।

### प्रदेश में पहले चरण के लिए चौथे दिन 64 नामांकन पत्र दाखिल

# पहले चरण के लिए अब तक 60 अभ्यर्थियों ने दाखिल किए 87 नामांकन पत्र

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में विधानसभा आम निर्वाचन 2023 के पहले चरण के 20 विधानसभा क्षेत्रों के लिए चौथे दिन 64 नामांकन पत्र दाखिल किए गए। इस प्रकार पहले चरण के लिए अब तक कुल 60 अभ्यर्थियों ने 87 नामांकन पत्र दाखिल किए हैं।

पंडरिया और भानुप्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र में सबसे अधिक 6-6, कांकेर और दंतेवाड़ा में 5-5, कवर्धा,डोंगरगांव और अंतागढ़ में 4-4, खैरागढ़, मोहला-मानपुर, केशकाल, बस्तर, बीजापुर और कोंटा में 3-3 जबकि डोंगरगढ़, राजनांदगांव, खुज्जी, कोंडागांव, नारायणपुर और चित्रकोट में दो-दो नामांकन पत्र दाखिल किया गया है। जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए बुधवार को कोई भी नामांकन पत्र दाखिल नहीं किया गया।

प्रथम चरण में बस्तर संभाग की 12 निर्वाचन क्षेत्रों सहित राजनांदगांव, मोहला -मानपुर - अंबागढ़ चौकी, खैरागढ़-छुईखदान- गंडई तथा कबीरधाम जिलों के 8 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में नामांकन की प्रक्रिया जारी है।

उल्लेखनीय है कि प्रदेश में दो चरणों में हो रहे निर्वाचन के पहले चरण की 20 सीटों के लिए 20 अक्टूबर तक नामांकन पत्र भरे जा सकते हैं। 21 अक्टूबर को नामांकन पत्रों की जाँच की जाएगी तथा प्रत्याशी 23 अक्टूबर तक अपना नाम वापस ले सकेंगे। प्रथम चरण के लिए 7 नवंबर को मतदान होगा जबकि दोनों ही चरणों के लिए मतगणना 3 दिसंबर को होगी।

प्रथम चरण में कोंटा, बीजापुर, दंतेवाड़ा, चित्रकोट, जगदलपुर, बस्तर, नारायणपुर, कोंडागांव, केशकाल, कांकेर, भानुप्रतापुर, अंतागढ़, मोहला- मानपुर, खुज्जी, डोंगरगांव, राजनांदगांव, डोंगरगढ़, खैरागढ़, कवर्धा और पंडरिया विधानसभा क्षेत्रों के लिए मतदान होगा।

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243





















# दिन में एक एक्स्ट्रा कप कॉफी भी कम कर सकती है वजन

कॉफी पीना काफी लोगों को पसंद होती है। यह सेहत के लिए भी फायदेमंद मानी जाती है। कहा जाता है कि कॉफी पीने से हार्ट डिजीज, डायबिटीज और कुछ कैंसर में फायदा मिल सकता है। आजकल वजन भी तेजी से बढ़ती समस्या बनती जा रही है। ऐसे में रिसर्च में पाया गया है कि दिन में एक एक्स्ट्रा कप कॉफी पीने से या उसमें शक्कर क्रीम या कुछ एक्स्ट्रा डालने का असर वजन पर होता है। आइए जानते हैं एक्स्ट्रा कप कॉफी पीने से वजन कम होता है या नहीं?

### क्या कॉफी पीने से कम होता है वजन

तीन रिसर्च में पाया गया है कि ऐसे लोग जो बिना शक्कर की मात्रा बढ़ाए, एक कप एक्स्ट्रा कॉफी पीते हैं, उनका वजन कम बढ़ा है। शोधकर्ताओं ने पाया है कि कॉफी से वजन कम बढ़ सकता है। दिन में एक कप अतिरिक्त कॉफी पीने वालों में चार साल के अंदर 0.12 किलो कम वजन बढ़ सकता है। अगर उस कॉफी में शक्कर डाल दिया जाए तो वजन 0.09 किलोग्राम ज्यादा बढ़ सकता है।

### क्या कहता है रिसर्च

इस रिसर्च टीम ने 1986 से 2010 और 1991 से 2015 तक बी नर्सेस हेल्थ स्टडीज में 2.3 लाख पार्टिसिपेंट्स और 1991 से 2014 तक हेल्थ प्रोफेशनल फॉलोअब स्टडी के 50,000 पुरुष पार्टिसिपेंट्स के आंकड़ों को मिलाया। उनसे खानपान को लेकर सवाल किए गए। इसमें कॉफी पीने से चार साल के अंदर वजन को लेकर भी सवाल शामिल था। नर्सों के अध्ययन में पाया गया कि हर चार साल में 1.2 से 1.7 किलो वजन बढ़ा है।

वहीं, हेल्थ प्रोफेशनल के अध्ययन में पाया गया कि औसत वजन 0.8 किलो का बढ़ा। इसके आधार पर पाया गया कि एक दिन में एक कप बिना शक्कर की कैफीनेटेड या अनकैफीनेटेड कॉफी पीने से चार साल में उम्मीद से 0.12 KG वजन कम बढ़ा। दूध या दूसरे डेयरी प्रोडक्ट्स को कॉफी में मिलाने पर उसका कोई असर नहीं हुआ, जबकि एक चम्मच शक्कर से 0.09 किलो वजन बढ़ा।



### क्यों खास है यह स्टडी

इस रिसर्च की बात करें तो यह दो लिहाज से काफी खास है। पहला इसका सैंपल साइज काफी बड़ा था और दूसरा इसमें पार्टिसिपेंट्स से कई सालों तक जानकारी ली जाती रही। इस रिसर्च में यह साबित नहीं हो पाया कि कॉफी पीने से वजन में बदलाव होने सही कारण है। क्योंकि अध्ययन में पाए गए बदलाव ज्यादा बड़े नहीं थे।

### कॉफी का वजन पर प्रभाव क्यों

कैफीन प्राकृतिक उत्तेजक है, जो भूख को कम करने का काम करता है। कई लोग एक्सरसाइज से पहले उसे बेहतर बनाने के लिए कॉफी पीते हैं। कैफीन मेटाबॉलिज्म की गति को बढ़ाने का काम करते हैं। जिससे आराम करने के दौरान भी ज्यादा ऊर्जा खर्च हो। चूंकि वजन कम होने के कई कारण हैं, इसलिए यह अध्ययन ज्यादा संतोषजनक नहीं माना जा सकता है।

# ठंड के मौसम में बढ़ सकती है माइग्रेन की समस्या, यह है बचने के उपाय

अक्टूबर आने के साथ ही मौसम में बदलाव होने लगा है। सुबह-शाम तापमान में गिरावट की वजह से ठंड पड़ने लगी है। मौसम में यह बदलाव सेहत के लिए कई तरह से परेशानी वाला हो सकता है। इस मौसम में इंफ्लूएंजा जैसे वायरस के बढ़ने के साथ ही माइग्रेन भी ट्रिगर कर सकता है। सर्दियां बढ़ने के साथ माइग्रेन खतरनाक हो सकता है। हेल्थ एक्सपर्ट्स के मुताबिक, सर्दी के मौसम में सिरदर्द की समस्या आम हो जाती है। इस दौरान माइग्रेन की समस्या बढ़ सकती है। आइए जानते हैं इसका कारण और इससे बचने के उपाय।

### ठंड बढ़ने पर क्यों बढ़ जाता है माइग्रेन

हेल्थ एक्सपर्ट्स के मुताबिक, ऐसे लोग जिन्हें माइग्रेन की समस्या है, उन्हें सर्दियों में काफी परेशानी हो सकती है। इस मौसम की कई कंडीशन ऐसी होती हैं, जो माइग्रेन के जोखिम को बढ़ा सकती हैं। मेयो क्लिनिक की रिपोर्ट के मुताबिक, मौसम में बदलाव करने से माइग्रेन ट्रिगर हो सकता है। इसके अलावा हवा में रूखापन, ज्यादा ठंड की वजह से भी माइग्रेन परेशान कर सकता है।



### धूप की कमी से माइग्रेन की समस्या

ठंड के मौसम में धूप कम मिल पाता है, इसकी वजह से भी माइग्रेन परेशान बढ़ सकता है। धूप की कमी की वजह से मस्तिष्क में सेरोटोनिन जैसे रसायन असंतुलित हो सकता है। ब्रेन केमिकल्स के असंतुलन की वजह से सिरदर्द और माइग्रेन की समस्या बढ़ सकती है। इसके अलावा धूप की कमी शरीर के सर्कैडियन रिदम को बाधित कर देती है, जिसकी वजह से नींद के पैटर्न में असंतुलन या नींद में कमी हो सकती है। नींद में खलल की वजह से माइग्रेन ट्रिगर हो सकता है।

### माइग्रेन से बचने के उपाय

हेल्थ एक्सपर्ट्स के मुताबिक, लाइफस्टाइल में कई बदलाव की वजह से सिरदर्द की समस्या ज्यादा हो सकती है। शराब-काफी का ज्यादा सेवन, तेज या चमकती रोशनी, तेज गंध और कुछ फूड्स माइग्रेन को बढ़ा सकते हैं। इससे बचने के लिए सर्दियों में सिरदर्द, खासतौर पर माइग्रेन से बचाव के लिए कोशिश करते रहना चाहिए। इसके लिए सबसे ज्यादा जरूरी है कि ठंड से बचकर रहें। नियमित तौर पर एक्सरसाइज करने का भी फायदा मिल सकता है। इससे सेरोटोनिन का लेवल बढ़ता है, जो माइग्रेन के खतरे को कम कर सकता है। ठंड के मौसम में सिर अच्छे से कवर करें। इससे माइग्रेन से बचाव हो सकता है।



# मिलन लूथरिया ने सुल्तान ऑफ दिल्ली में बेस्ट परफॉर्मेंस देने किया प्रेरितः मेहरीन पीरजादा

**एक्ट्रेस मेहरीन पीरजादा, जिन्होंने पहले फिल्लौरी में अपनी छाप छोड़ी थी, अब हाल ही में रिलीज हुई सुल्तान ऑफ दिल्ली मिनी-सीरीज में संजना के रूप में जलवा बिखेरने के लिए तैयार हैं। सुल्तान ऑफ दिल्ली पीरियड क्राइम थ्रिलर सीरीज है, जो नॉवेल सुल्तान ऑफ दिल्ली : असेंशन से प्रेरित है।**

इस सीरीज में, मेहरीन एक दयालु लड़की संजना का किरदार निभा रही है, जो प्यार की गहराइयों में उतरती है और लगातार मिल रहे धोखे से टूट जाती है। दुर्व्यवहार के चलते उसका जीवन और भी दयनीय हो जाता है। यह शो मिलन लुथरिया के स्किल डायरेक्शन में मास्टरफुल क्राफ्ट से तैयार किया गया है। इस रोमांचक कहानी में भावनाओं और साज़िश के रोलरकोस्टर के लिए तैयार हो जाइए! मेहरीन ने कहा कि सीरीज करना रोमांचक था क्योंकि मिलन सर इसे ऐसे शूट करते हैं जैसे यह एक फिल्म हो। अभिनेत्री ने कहा, यह 70 मिमी का अनुभव था। सीन्स को काटने का कोई प्रयास नहीं किया गया। मुझे मिलन सर के साथ काम करना अच्छा लगा। उनके साथ शूटिंग करना शानदार था। मुझे नहीं पता था कि वह मुझे क्या करने को देंगे। लेकिन, सेट पर पूरी तरह फ्रीडम थी। वह आपको बताते हैं कि वह आपसे क्या उम्मीद करते हैं। लेकिन, आप उस कैरेक्टर और उसकी आत्मा तक कैसे पहुंचते हैं, यह आप पर निर्भर करता है। वह बेहद तेज हैं और बहुत कम समय में सीन कर सकते हैं। सेट पर माहौल मस्ती भरा था, जिसके चलते 40 डिग्री में शूटिंग करना भी आसान लग रहा था।

# शादी के बाद कियारा आडवाणी ने कराया अब तक का सबसे बोल्ड फोटोशूट

**बॉलीवुड एक्ट्रेस कियारा आडवाणी अपने नए नए लुक से आए दिन फैंस के दिलों की धड़कने बढ़ाती रहती हैं हाल में एक्ट्रेस ने अपने नए फोटोशूट से लोगों का दिल जीत लिया है। इस वायरल फोटोशूट में एक्ट्रेस का हॉट एंड बोल्ड लुक देखने को मिल रहा है।**

कियारा आडवाणी ने एक मैगजीन के कवर पेज के लिए लोटोस्ट फोटोशूट करावाया है, जिसकी वीडियो उन्होंने अपने इंस्टा पर भी शेयर किया है। इस वीडियो में एक्ट्रेस सिमरी ग्रीन कलर के आउटफिट में दिख रही हैं। कियारा ने अपना ये बोल्ड लुक ओपन फ्लिक हेयर के साथ पूरा किया है। वीडियो में एक्ट्रेस एक से बढ़कर एक पोज देती नजर आ रही हैं।


वहीं दूसरे वीडियो में कियारा व्हाइट कलर के आउटफिट में दिख रही हैं। उन्होंने लॉग व्हाइट स्कर्ट और टिनी टॉप कैरी किया है। जिस पर हैवी वर्क है। कियारा ने अपना ये लुक भी ओपन हेयर के साथ पूरा किया है। एक्ट्रेस जमकर अपना टोन्ड फिगर फ्लॉन्ट करती दिख रही हैं। हर कोई एक्ट्रेस के लुक की जमकर तारीफ कर रहा है।

एक्ट्रेस ने अपने इंस्टाग्राम पर अपनी फोटोज भी शेयर की हैं। एक फोटोज में वह ब्लू कलर के आउटफिट में नजर आ रही हैं। वहीं दूसरी फोटोज में उन्होंने लाइट ब्लू कलर की डीपनेक गाउन पहनी है। कियारा आडवाणी की इन फोटोज ने सोशल मीडिया का पारा हाई कर दिया है।



# राधे-राधे दन दिया रास गाना खूबसूरत नवरात्रि उत्सव हैः दीपशिखा नागपाल

सिंगर दीपशिखा नागपाल का गाना राधे-राधे दन दिया रास दिल को छू लेने वाला गाना है, जो खूबसूरती से पूरी भावना के साथ नवरात्रि का जश्न मनाता है। गाने में क्लासिकल इंस्ट्रूमेंटेशन के साथ, गरबा, लोक और शास्त्रीय संगीत का एक शक्तिशाली मिश्रण है।




दीपशिखा नागपाल की आवाज गाने के साथ पूरी तरह से मेल खाती है, जिसके चलते गाना उत्सवपूर्ण और आनंदमय बन गया है। हालांकि, राधे-राधे दन दिया रास को बेहतरीन बनाने में निर्माता डीजे शेजवुड का भी अहम योगदान है।

नवरात्रि या गरबा पसंद करने वाले किसी भी व्यक्ति के लिए, डीजे शेजवुड के म्यूजिक के साथ दीपशिखा का गायन नृत्य प्रेमियों के लिए एक संपूर्ण आनंद है।

राधे-राधे डांडिया रास पूरी तरह से नवरात्रि के सार को दर्शाता है। लोगों को डांस करने, गरबा नाइट्स और डांडिया कार्यक्रमों का आनंद लेने के लिए एक साथ लाता है।

दीपशिखा नागपाल ने गाने के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा, राधे-राधे दन दिया रास एक गीत से कहीं अधिक है। यह नवरात्रि का उत्सव है। यह गाना परंपरा और समसामयिक धुनों का एक वाइब्रेंट टेपेस्ट्री है, जिसे इस खूबसूरत त्योहार के जादू को जीवंत करने के लिए प्यार और महान भक्ति के साथ बनाया गया है।

डीजे शेज़वुड ने भी गीत के बारे में अपना दृष्टिकोण साझा किया, और कहा, यह गाना एक म्यूजिकल जर्नी है, जो आधुनिक दुनिया की ऊर्जा को नवरात्रि की आध्यात्मिकता के साथ जोड़ती है। यह हमारी संस्कृति की शाश्वत परंपराओं का एक गान है, जिसे संगीत की भाषा के माध्यम से जीवंत किया गया है।

# थलपति विजय की लियो ने बीजीएम का नया वर्जन मास्टर एक्स लियो किया जारी

**थलपति विजय की लियो अपने बीजीएम का नया वर्जन लेकर आई है, जिसका नाम मास्टर एक्स लियो है। यह स्वैग से भरपूर है। लियो का म्यूजिक उस्ताद अनिरुद्ध रविचंदर ने तैयार किया है, जिन्होंने हाल ही में एसआरके-स्टारर और एटली निर्देशित जवान के लिए म्यूजिक तैयार किया था, जिसके लिए उन्होंने काफी प्रशंसा मिली थी।**




लियो के मामले में अनिरुद्ध का साउंडट्रैक बहुत डार्कर है। यह इलेक्ट्रॉनिक म्यूजिक, हिप-हॉप, एंबिएंट म्यूजिक जैसे एलिमेंट्स को भी जोड़ता है। इस बीजीएम का नया वर्जन साउंडट्रैक का रीमिक्स वर्जन है। यह मुख्य रूप से इलेक्ट्रॉनिक-रॉक इन्फ्यूज्ड गैंगस्टा रैप पर निर्भर करता है।

ओरिजनल वर्जन ज्यादातर रॉक रिफ्स और गैंगस्टा रैप वाइब्स के साथ इलेक्ट्रॉनिक म्यूजिक है, मास्टर एक्स लियो वर्जन ओरिजनल की तुलना में ज्यादा इलेक्ट्रॉनिक और हिप-हॉप से युक्त है। अनिरुद्ध को म्यूजिकल क्रिएटिविटी और साउंड एक्सपेरिमेंट के लिए काफी प्रशंसा मिली है। म्यूजिक वीडियो फिल्म के कई क्लिप दिखाता है और इसे अलग-अलग एनिमेटेड सीन्स के साथ काटता है।

इसमें थलपति विजय का ट्रेन के अंदर गुंडों से लड़ना, संजय दत्त द्वारा उसका पीछा करना और फिर तलवार बनाने की क्लिप शामिल है, जिसे वह बाद में चॉकलेट में ढक देते हैं।

लियो का निर्देशन लोकेश कनगराज ने किया है और इसमें थलपति विजय, संजय दत्त, तृषा कृष्णन, अर्जुन, गौतम वासुदेव मेनन और प्रिया आनंद जैसे कलाकार हैं। यह फिल्म 19 अक्टूबर 2023 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करेंः-
9303289950, 9827806026, 8962815243


Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है

मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

# 19 व्यक्तियों ने लिया नाम निर्देशन पत्र एवं 7 अभ्यर्थियों ने जमा किया

श्रीकंचनपथ न्यूज

राजनांदगांव । विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत नाम निर्देशन पत्र लेने एवं जमा करने की प्रक्रिया 13 अक्टूबर 2023 से प्रारंभ हो गई है। आज 18 अक्टूबर 2023 को जिले के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों के कुल 19 व्यक्तियों द्वारा अलग-अलग विधानसभा क्षेत्रों के लिए नाम निर्देशन पत्र प्राप्ति हेतु जिला कार्यालय में पहुंचकर नामांकन फार्म लिया गया और 7 व्यक्तियों द्वारा विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों के लिए नाम निर्देशन पत्र जमा किया गया। अब तक जिले के सभी चार विधानसभा क्षेत्रों के लिए कुल 66 व्यक्तियों द्वारा नाम निर्देशन पत्र प्राप्ति हेतु जिला कार्यालय में पहुंचकर नामांकन फार्म लिया गया और 11 व्यक्तियों द्वारा विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों के लिए नाम निर्देशन पत्र जमा किया गया है।




उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री खेमलाल वर्मा ने बताया कि आज विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 74 - डोंगरगढ़ (अनुसूचित जाति) के लिए 3, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 75-राजनांदगांव के लिए 10, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 76-डोंगरगांव के लिए 2 एवं विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 77- खुज्जी के लिए 4 व्यक्तियों ने नाम निर्देशन पत्र लिया है। वहीं विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 74 - डोंगरगढ़ (अनुसूचित जाति) के लिए भारतीय जनता पार्टी के अभ्यर्थी श्री विनोद खांडेकर एवं इंडियन नेशनल कांग्रेस के अभ्यर्थी श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 75-राजनांदगांव के लिए इंडियन नेशनल कांग्रेस के अभ्यर्थी गिरीश देवांगन, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 76-डोंगरगांव के लिए इंडियन नेशनल कांग्रेस के अभ्यर्थी श्री दलेश्वर साहू एवं भारतीय जनता पार्टी के भरत लाल वर्मा, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 77- खुज्जी के लिए इंडियन नेशनल कांग्रेस के अभ्यर्थी श्री भोलाराम साहू एवं भारतीय जनता पार्टी के अभ्यर्थी श्रीमती गीता साहू ने नाम निर्देशन पत्र जमा किया है।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी खेमलाल वर्मा ने बताया कि अब तक विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 74 - डोंगरगढ़ (अनुसूचित जाति) के लिए 15, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 75-राजनांदगांव के लिए 29, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 76-डोंगरगांव के लिए 12 तथा विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 77- खुज्जी के लिए 10 व्यक्तियों ने नाम निर्देशन पत्र लिया है। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 74 - डोंगरगढ़ (अनुसूचित जाति) के लिए भारतीय जनता पार्टी के अभ्यर्थी श्री विनोद खांडेकर एवं राजेश श्यामकर, इंडियन नेशनल कांग्रेस के अभ्यर्थी श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल तथा निर्दलीय अभ्यर्थी श्री दुर्जनलाल खरे, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 75-राजनांदगांव के लिए भारतीय जनता पार्टी के अभ्यर्थी डॉ. रमन सिंह, इंडियन नेशनल कांग्रेस के अभ्यर्थी श्री गिरीश देवांगन एवं निर्दलीय अभ्यर्थी श्रीमती दीपा रामटेके, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 76-डोंगरगांव के लिए भारतीय जनता पार्टी के अभ्यर्थी भरत लाल वर्मा एवं इंडियन नेशनल कांग्रेस के अभ्यर्थी दलेश्वर साहू तथा विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 77-खुज्जी के लिए इंडियन नेशनल कांग्रेस के अभ्यर्थी भोलाराम साहू एवं भारतीय जनता पार्टी के अभ्यर्थी गीता साहू ने नाम निर्देशन पत्र जमा किया है।

# नवरात्रि: पंचमी के अवसर पर माता का हुआ विशेष श्रृंगार

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। नवरात्रि के आज पांचवे दिन देवी भगवती के स्कंद माता रूप की पूजा बड़ी श्रद्धा-भक्ति के साथ किया जा रहा है। पंचमी के अवसर पर आज माता का विशेष श्रृंगार किया जा रहा है। देवी मंदिरों के अलावा चौक-चौराहों में विराजित मां दुर्गा की विशेष पूजा-अर्चना की जा रही है।



भगवान कार्तिकेय को स्कंद भी कहा जाता है, इसी के चलते नौ दुर्गा के एक रूप को स्कंद माता के नाम से जाना जाता है। मान्यता है कि स्कंदमाता की पूजा-आराधना से सद्कामनाएं जहां पूर्ण होती है तो वहीं मोक्ष का द्वार भी खुल जाता है। आज पंचमी पर स्कंद माता की पूजा सफेद वस्त्र पहनकर की जानी चाहिए। इस दौरान माता को खीर का भोग लगाना चाहिए।

## मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड

आज नवरात्रि के पंचमी के अवसर पर देवी मंदिरों और देवालयों में श्रद्धालुओं की भीड़ सुबह से ही उमडने लगी थी। शहर के प्रमुख देवी मंदिरों महामाया माता मंदिर, कंकाली माता मंदिर, शीतला माता मंदिर, समलेश्वरी, दंतेश्वरी, काली माता मंदिर, बंजारी माता मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ लगी हुई थी। वहीं शहर के चौक-चौराहों में स्थापित मां की भव्य प्रतिमाओं का दर्शन करने भी श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। शहर में इस वर्ष करीब 100 से अधिक स्थानों पर माता की प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं। यहां सुबह से लेकर देर रात तक श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है।

## हजारों की संख्या में जल रहे आस्था के जोत

नवरात्रि के अवसर पर शहर के देवी मंदिरों के अलावा अन्य देवालयों में हजारों की संख्या में आस्था के जोत जल रहे हैं। एक अनुमान के अनुसार शहर के देवी मंदिरों में ही हजारों की संख्या में जोत प्रज्जवलित किया गया है। इसके अलावा अन्य देवालयों व धार्मिक स्थानों के अलावा चौक-चौराहों के पंडालों में तथा घरों में बोए गए जोत-जंवारा के साथ भी आस्था के सैकड़ों जोत जगमगा रहे हैं।

## खास खबर

### कलेक्टर ने किया स्ट्रॉंग रूम का निरीक्षण

**जांजगीर-चांपा।** आगामी विधानसभा निर्वाचन की तैयारियों के संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने आज शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज जांजगीर स्थित स्ट्रॉंग रूम का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने ईव्हीएम, वीवीपैट की सुरक्षा व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्था का जायजा लिया। आगामी विधानसभा निर्वाचन के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज जांजगीर में बन रहे स्ट्रांग रूम का नियमित निरीक्षण किया जा रहा है। कलेक्टर ने ईवीएम को रखने के लिए तैयार किए जा रहे स्ट्रॉंग रूम का निरीक्षण करते हुए, सामग्री वितरण के लिए आवश्यक मूवमेंट के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। रूम की सुरक्षा में लगे कर्मी को निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी परिस्थिति में अनाधिकृत व्यक्तियों के प्रवेश पर पूरी तरह से नियंत्रण रखना है। उन्होंने मतदान पश्चात आने वाली सामग्रियों को रखने संबंधी चर्चा की और मतदान दलों, ऑपरेटर एवं पुलिस फोर्स के रुकने के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने बायो टॉयलेट, शौचालय, बिजली, बैरिकेडिंग, सीसी टीव्ही कैमरा, साइन बोर्ड, इंटरनेट, ग्राउंड की साफ-सफाई एवं सभी आधारभूत व्यवस्था को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### स्वीप के तहत पतंग सजाओं प्रतियोगिता सम्पन्न

**बिलासपुर।** जिले में स्वीप कार्यक्रम के तहत मताधिकार के प्रति युवाओं एवं आम नागरिकों को जागरूक करने के लिए महाविद्यालयों में स्वीप पतंग सजाओं प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। जिसमें महाविद्यालयीन छात्र-छात्राओं के अलावा जिले के आम नागरिक भी भाग ले सकेंगे। स्वीप पतंग सजावट कर पतंग जमा करने की अंतिम तिथि 24 अक्टूबर तक है। सर्वश्रेष्ठ सजावट करने वाले प्रथम 25 प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया जाएगा। जिला पंचायत सीईओ एवं स्वीप के जिला नोडल अधिकारी अजय अग्रवाल ने बताया कि प्रतिभागी बाजार से पतंग खरीदकर स्वयं सजावट करने के साथ ही स्वयं पतंग निर्माण कर इसकी सजावट कर सकते है। प्रत्येक पतंग में शत प्रतिशत मतदान, बिलासपुर का अभिमान एवं चुनई चिरई का मोनो एवं प्रतिभागी का नाम, मोबाईल नंबर अवश्य लिखा होना चाहिए। प्रतिभागियों को यह भी ध्यान रखना होगा कि उनके द्वारा सजाई गई पतंगों में किसी भी राजनैतिक दल का चिन्ह, नाम एवं किसी अभ्यर्थी आदि का उल्लेख न हो। पतंग सजावट पूर्णत: निष्पक्ष व तटस्थ मतदान की थीम पर आधारित होना चाहिए। स्वीप पतंग सजावट कर प्रतिभागी अपनी पतंगें जिला पंचायत बिलासपुर में अजीत वर्मा, अन्वेषक जिला पंचायत बिलासपुर मो.न. 9425979401 के पास जमा एवं उसके फोटोग्राफ्स व्हाट्सअप पर शेयर सकते हैं। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्रों के अभ्यर्थियों की सुविधा के दृष्टिकोण से बिल्हा, मस्तूरी, तखतपुर व कोटा के जनपद पंचायत कार्यालयों में मुख्य कार्यपालन अधिकारी के पास भी पतंगे सजावट पश्चात जमा कर सकेंगे।

# स्कूलों में छमाही परीक्षाएं वोटिंग के बाद, रविवि ने बदली पूरक की तारीख



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर ।** विधानसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा होते ही स्कूलों और महाविद्यालयों के कलैंडर में भी बदलाव का सिलसिला शुरू हो गया है। समय-सारिणी में चुनाव तारीखों के आधार पर बदलाव किया गया है ताकि चुनाव का कोई असर इन पर ना पड़े। स्कूलों में छमाही परीक्षाएं दोनों चरण के मतदान के बाद 20 से 30 नवंबर के मध्य होंगी तो वहीं रविवि ने पूरक परीक्षाओं की तारीखों में बदलाव कर दिया है। रविवि ने संशोधित समय- सारिणी भी जारी कर दी है। रविवि (क्कक्रस् ) द्वारा चुनाव संबंधित तारीखों की घोषणा होने के पूर्व ही पूरक परीक्षाओं के लिए टाइम-टेबल घोषित कर दिया। गया था। इसके अनुसार, 7 और 17 नवंबर को भी परीक्षाएं होनी थी। छात्र इसमें मतदान करने तो जाते ही हैं, साथ ही महाविद्यालय और विश्वविद्यालय के अधिकारियों और कर्मचारियों की भी इसमें ड्यूटी लगती है। इसे देखते हुए रविवि ने तारीखें बदली हैं। इन तिथियों में बीए, बीएससी और बीकॉम के पर्चे होने थे पं. रविशंकर शुक्ल विवि द्वारा मौजूदा सत्र से मूल्यांकन प्रणाली में बदलाव किए जा रहे हैं। रविवि ने केंद्रीय मूल्यांकन का फैसला सत्र की शुरुआत में ही ले लिया था। इसके बाद अब पूरक परीक्षाओं में भी केंद्रीय मूल्यांकन होगा। रविवि ने पूरक के लिए आवेदन 16 अक्टूबर तक मंगाए थे। पूरक परीक्षाएं 23 अक्टूबर से प्रारंभ हो रही हैं। परीक्षाएं नवंबर अंत तक होंगी, लेकिन शुरुआती पर्चे के बाद ही मूल्यांकन कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा, ताकि समय पर नतीजे जारी किए जा सकेंगे। रविवि ने मूल्यांकन कार्य के लिए उन प्राध्यापकों की जानकारी महाविद्यालयों से मांगी हैं, जो इसके लिए योग्य हैं। लेकिन इस फॉर्मेट में बदलाव किया गया है। अब तक प्राध्यापक ऑफलाइन फॉर्म भरते थे।इन फॉर्म की जांच करके प्राचार्य इन्हें विश्वविद्यालय संप्रेषित करते थे। इस बार सीधे गूगल लिंक महाविद्यालयों को दे दिया गया है। इस लिंक के जरिए मूल्यांकनकर्ता प्रोफेसर्स स्वयं से संबंधित जानकारी विवि को भेजेंगे। तय होती है न्यूनतम योग्यता प्रत्येक प्रोफेसर को मूल्यांकन की पात्रता नहीं होती है।

# इस शादी के सीजन में 4.25 लाख करोड़ का कारोबार होने का अनुमान है : कैट

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी, चेयरमेन मगेलाल मालू, अमर गिदवानी, प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन, वाशु माखीजा, महामंत्री सुरिन्द्रर सिंह, कार्यकारी महामंत्री भरत जैन, एवं कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि प्रदेश सहित देश भर के व्यापारी आगामी शादी के मौसम के लिए एक बड़ी बिक्री करने पूरी तरह से तैयारी में जुट गये हैं ।

दिवाली के तुरंत बाद शादियों का सीजन में इस बार व्यापारी बड़े व्यापार की उम्मीद लगाए बैठे हैं। इस वर्ष 23 नवंबर, देवउठनी एकादशी से शादियों का सीजन शुरू होकर 15 दिसंबर तक चलेगा। एक अनुमान के अनुसार किए इस अवधि के दौरान प्रदेश सहित देश भर में लगभग 35 लाख शादियाँ संपन्न होंगी, जिसमें शादी की खरीदारी और शादी से संबंधित अनेक प्रकार की सर्विस के ज़रिए सेवाएँ लगभग 4.25 लाख करोड़ रुपये का बड़ा खर्च इस सीजन में होने की संभावना है। भारी प्रवाह होगा। कन्फ़ेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री अमर पारवानी एवं प्रदेश अध्यक्ष श्री जितेन्द्र दोशी ने बताया की कैट की रिसर्च शाखा कैट रिसर्च एंड ट्रेड डेवलपमेंट सोसाइटी द्वारा हाल ही देश के 20 प्रमुख शहरों के व्यापारियों एवं सर्विस प्रोवाइडर के बीच किए गए एक सर्वे के अनुसार अकेले दिल्ली में इस सीज़न में 3.5 लाख से अधिक शादियाँ होने की उम्मीद है, जिससे दिल्ली में लगभग 1 लाख करोड़ रुपये का कारोबार होने की संभावना है। पिछले साल इसी अवधि में करीब 32 लाख शादियां हुईं और खर्च 3.75 लाख करोड़ रुपये आंका गया था।

कैट की आध्यात्मिक एवं वैदिक ज्ञान समिति के अध्यक्ष एवं प्रख्यात वैदिक विद्वान आचार्य दुर्गेश तारे ने बताया कि नक्षत्रों की गणना के अनुसार नवंबर में विवाह की तिथियां 23,24,27,28,29 हैं जबकि दिसंबर माह में विवाह की तिथियां हैं। 3,4,7,8,9 और 15 तारीखें विवाह के लिए शुभ दिन हैं। उसके बाद, तारा एक महीने के लिए मध्य जनवरी तक डूब जाता है और फिर मध्य जनवरी से शुभ दिन शुरू हो जाएंगे।

श्री पारवानी एवं श्री दोशी ने बताया कि इस शादी सीजन में करीब 6 लाख शादियों में प्रति शादी 3 लाख रुपये का अनुमानित खर्च आएगा, जबकि करीब 10 लाख शादियों में प्रति शादी करीब 6 लाख, 12 लाख रुपये का खर्च आएगा. शादियों में प्रति शादी लगभग 10 लाख खर्च होंगे, 6 लाख शादियों में प्रति शादी 25 लाख खर्च होंगे, 50 हजार शादियों में प्रति शादी 50 लाख खर्च होंगे और 50 हजार शादियाँ ऐसी होंगी जिनमें 1 करोड़ या उससे अधिक पैसे खर्च होंगे। कुल मिलाकर इस एक महीने में शादी के सीजन में बाजारों में शादी की खरीदारी से करीब 4.25 लाख करोड़ रुपये का प्रवाह होगा।

शादी के सीज़न का अगला चरण जनवरी के मध्य से शुरू होगा और जुलाई तक जारी रहेगा श्री पारवानी और श्री दोशी ने कहा कि शादी के सीजन में कारोबार की अच्छी संभावनाओं को देखते हुए देशभर के व्यापारियों ने व्यापक तैयारियां की हैं। ग्राहकों की संभावित भीड़ को देखते हुए व्यापारी अपने यहां सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त रख रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विवाह का लगभग 20 प्रतिशत खर्च दूल्हा-दुल्हन पक्ष को जाता है जबकि 80 प्रतिशत खर्च विवाह संपन्न कराने में काम करने वाली अन्य तीसरी एजेंसियों को जाता है। इसके अलावा आभूषण, साड़ी, लहंगा-चूनी, फर्नीचर, रेडीमेड कपड़े, कपड़े आदि का कारोबार होता है। , जूते, शादी और ग्रीटिंग कार्ड , सूखे मेवे, मिठाइयाँ, फल, पूजा सामग्री, किराना, खाद्यान्न, सजावट का सामान, घर की सजावट का सामान, विद्युत उपयोगिता, इलेक्ट्रॉनिक्स और कई उपहार आइटम आदि की आमतौर पर मांग रहती है और इस साल इन सेक्टर के अलावा अन्य व्यापार में भी अच्छा कारोबार होने की उम्मीद है। श्री पारवानी और श्री दोशी ने कहा कि प्रदेश समेत देशभर में शादी के लिए बैंक्वेट हॉल, होटल, खुले लॉन, सामुदायिक केंद्र, सार्वजनिक पार्क, कैब सेवा, पेशेवर समूहों का स्वागत, सब्जी विक्रेता, फोटोग्राफर, वीडियोग्राफर, बैंड सहित कई प्रकार की सेवाएं भी शामिल होती हैं।

# स्वीप पोस्टर प्रतियोगिता : शत प्रतिशत मतदान का संदेश देंगे जिले के विद्यालय

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बिलासपुर।** आगामी विधानसभा निर्वाचन हेतु जिले में मतदाताओं को मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित एवं जागरूक करने विभिन्न गतिविधियां संचालित की जा रही है। इसी कड़ी में स्कूल शिक्षा विभाग की निगरानी व पर्यवेक्षण में जिले के सभी विद्यालयों में मतदाता जागरूकता हेतु स्वीप पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। जिसके लिए विकासखण्डवार स्वीप पोस्टर का थीम निर्धारित किया गया है।

जिला पंचायत सीईओ एवं स्वीप के जिला नोडल अधिकारी श्री अजय अग्रवाल ने बताया कि प्रतियोगिता में जिले के सभी विद्यालय शामिल होंगे।



सभी विद्यालयों को 2 गुना 4 फिट की साईज का मतदाता जागरूकता से संबंधित न्यूनतम एक व अधिकतम दो स्वीप पोस्टर बनाना होगा। पोस्टर में शत प्रतिशत मतदान, बिलासपुर का अभिमान एवं चुनई चिरई का मोनो अनिवार्य रूप से अंकित करना होगा। स्वीप पोस्टर में शाला का नाम एवं विकासखण्ड का उल्लेख अनिवार्य रूप से करें एवं किसी भी राजनैतिक दल का नाम एवं चुनाव चिन्ह अंकित नहीं होना चाहिए। पोस्टर का थीम मतदाता जागरूकता पर आधारित हो। यह प्रतियोगिता विद्यार्थियों के लिए नहीं अपितु विद्यालय के लिए है। इसका निर्माण विद्यालय प्रबंधन द्वारा शाला स्तर पर कराया जाएगा। पोस्ट निर्माण विद्यालय के विद्यार्थियों के द्वारा किया जा सकता है। प्रतिभागी विद्यालय अपने पोस्टर को सोशल मीडिया पर शेयर कर सकते है। प्रत्येक विद्यालय से पोस्टर संग्रहित करने हेतु विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी को नोडल एवं विकासखण्ड स्त्रोत केंद्र समन्वयक को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। नोडल द्वारा विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में संकुलवार पोस्टर जमा कराकर तथा बंडल बनाकर जिला परियोजना कार्यालय बिलासपुर में विकासखण्डवार प्रभारी अधिकारी के पास जमा करना होगा। प्रभारियों को 30 अक्टूबर तक कार्यालयीन दिवस में जिला परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा बिलासपुर जिला पंचायत परिसर द्वितीय तल में पोस्टर जमा करना होगा। विकासखण्डों द्वारा प्रस्तुत स्वीप पोस्टर का जिला स्तरीय कार्यक्रम में प्रदर्शन किया जाएगा। प्रत्येक विकासखण्ड के श्रेष्ठ दस पोस्टर का चुनाव कर संबंधित विद्यलाय को पुरस्कृत किया जाएगा। निजी विद्यालयों से समन्वय स्थापित कर स्वीप पोस्टर के निर्माण एवं सहभागिता की जिम्मेदारी डॉ. मुकेश पाण्डेय सहायक कार्यक्रम समन्वयक समग्र शिक्षा बिलासपुर की होगी।

## कठपुतलियों ने ठुमक ठुमक कर मतदाताओं से की मतदान की अपील

**धमतरी।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋतुराज रघुवंशी के निर्देश और मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं स्वीप जिला नोडल अधिकारी श्रीमती रोक्तिमा यादव के मार्गदर्शन में जिले में मतदाता जागरूकता की दिशा में अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में 16 एवं 17 अक्टूबर को कठपुतली एवं नाट्य कलामंच बिलासपुर द्वारा जिले की तीनों विधानसभाओं धमतरी के कचहरी चौक, में भ्रमण कर आकर्षक एवं रोचक ढंग से मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग करने अपील की गई।

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan

ॐ SAIRAM Mobile Accessories
मोबाईल शॉप में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किट्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

## खास-खबर




### टेलीकाम कंपनी से डेढ़ टन लोहा पार, गार्ड ने दर्ज कराई शिकायत

**भिलाई।** हथखोज स्थित टेलीकाम कंपनी में चोरों ने डेढ़ टन लोहा पार कर दिया। घटना 17 व 18 की दरमियानी रात की बताई जा रही है। घटना के संबंध में कंपनी के गार्ड कुम्हारी निवासी राज किशोर चौधरी (52) ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। गार्ड की रिपोर्ट पर पुरानी भिलाई पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है।

पुरानी भिलाई पुलिस ने बताया कि टेलीकाम कंपनी हथखोज में 17 व 18 अक्टूबर की रात 10.00 से सुबह 06.00 के बीच चोरी हुई। इस दौरान कंपनी में राजकिशोर के साथ ही टेकराम अहिरवार, प्रायवेट गार्ड सत्यनारायण सोनी, ए. जगदीश्वर राव भी ड्यूटी पर थे। टेलीकाम कंपनी के बाउंड्री के अंदर आउटर में रखे टावर बनाने का लोहे का जाब, गैल्वेनाज्ड लोहे का एंगल, लोहे का प्लेट, लोहे का पाईप वजनी करीबन 1.5 टन कीमती करीबन 90000 रुपए को अज्ञात चोरों द्वारा टेलीकाम कंपनी के अंदर घुसकर चोरी कर लिया गया। सुबह जब सभी गार्ड कंपनी के अंदर गश्त किए तो पता चला कि 1.5 टन टावर बनाने का लोहे का जाब, गैल्वेनाज्ड लोहे का एंगल, लोहे का प्लेट, लोहे का पाईप नही था। जिसकी सूचना अपने कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों को फोन पर दी गई।

### ट्रक ने कार को मारी टक्कर बाल-बाल बचा चालक

**भिलाई।** पुरानी भिलाई थाना क्षेत्र में उमदा के पास बुधवार को एक ट्रक ने कार को पीछे से ठोकर मार दी। हादसे में कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। वहीं कार चालक बाल बाल बच गया। हादसे के बाद कार चालक की शिकायत पर पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

पुलिस के अनुसार कैलाश नगर निवासी कार चालक ने बताया कि वह ईंटा गिट्टी रेती सप्लाई का काम करता है। बुधवार को वह अपनी कार नेक्सान क्रमांक सीजी 07 बीके 9970 से भिलाई 3 अपने निजी काम से जा रहा था। दोपहर करीबन 1.00 बजे के आसपास उमदा चौक के पास पहुंचा था उसी समय पीछे से ट्रक आईसर क्रमांक सीजी 07 बीएस 1177 का चालक अपनी वाहन को तेजी एवं लापरवाहीपूर्वक चलाते आया व कार को पीछे से ठोकर मार दी। हादसे में कार चालक बाल बाल बचा। वहीं कार क्षतिग्रस्त हो गई। इस मामले में पुलिस ने ट्रक चालक पर अपराध दर्ज कर लिया है।

## छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव 2023

# निगरानी दलों ने अब तक 6 करोड़ 57 लाख रुपए का सामान किया जब्त

- छत्तीसगढ में विधानसभा को देखते हुए प्रदेश भर में हो रही कार्रवाई
- जिला प्रशासन के साथ पुलिस की टीमें भी कर रही हैं वाहनों की सघन जांच

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। छत्तीसगढ़ विधानसभा आम निर्वाचन-2023 की तिथि की घोषणा के साथ ही प्रदेश में आदर्श आचार संहिता 9 अक्टूबर से लागू हो गई है। प्रदेश में विभिन्न इन्फोर्समेंट एजेंसियों द्वारा निष्पक्ष और पारदर्शी निवार्चन हेतु मतदाता को प्रभावित करने के उद्देश्य से परिवहन की जा रही अवैध धन राशि या वस्तुओं पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। 19 विभिन्न प्रवर्तन एजेंसियों के माध्यम से धन और वस्तुओं के अवैध परिवहन तथा संग्रहण पर कड़ी नजर रखी जा रही है। आदर्श आचार संहिता लागू होने से अब तक अवैध धनराशि तथा वस्तुओं की बरामदगी का आँकड़ा 6 करोड़ 57 लाख 3 हजार 62 रूपए हो गया है। इसमें एक करोड़ 46 लाख रूपए नकद राशि बरामद की गई है।



मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रवर्तन एजेंसियों (इन्फोर्समेंट एजेंसी) द्वारा निगरानी के दौरान अब तक 13 हजार 574 लीटर अवैध शराब जब्त की गई है, जिसकी कीमत 41 लाख 68 हजार रूपए है। साथ ही 1945 किलोग्राम अन्य नशीली वस्तुएं, जिसकी कीमत लगभग 70 लाख रुपए है भी बरामद किया गया है। सघन जाँच अभियान के तहत अधिकारियों ने अवैध रूप से अन्य सामग्रियों जिनकी कीमत 2 करोड़ 17 लाख रूपए जब्त की हैं। इसके अतिरिक्त एक करोड़ 82 लाख रूपए कीमत के लगभग 83 किलोग्राम कीमती आभूषण तथा रत्न भी तलाशी के दौरान जब्त किया गया है।

गौरतलब है कि 5 प्रमुख जिले जहां सबसे अधिक जब्ती की गई है, जिसमें क्रमशः बिलासपुर, रायगढ़, कोरबा, बस्तर तथा रायपुर शामिल है। विधानसभा निर्वाचन-2023 हेतु जब्तियों के संबंध में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रवर्तन एजेंसियों के लिए इलेक्शन सीजर मैनेजमेंट सिस्टम (ईएसएमएस) के रूप में वेब एवं मोबाइल एप लांच किया है। इस एप्प में लगभग 1600 से भी ज्यादा FST / SST को रजिस्टर कर एप्प डाउनलोड करवाया गया है एवं इस एप्प के माध्यम से तत्काल जब्तियों की रिपोर्टिंग भी की जा रही है।

## डबल मर्डर: नशेड़ी देवर ने ले ली भाभी और भतीजे की जान



- महासमुंद की घटना सब्बल से वार कर उतारा मौत के घाट
- वारदात के बाद आरोपी हुआ फरार, तलाश में जुटी पुलिस

श्रीकंचनपथ न्यूज

महासमुंद। छत्तीसगढ़ के महासमुंद जिले हत्या का खौफनाक मामला सामने आया है। यहां एक नशेड़ी देवर ने अपनी भाभी व भतीजे की हत्या कर दी। नशे की हालत में घर पहुंचने के बाद भाभी से विवाद हुआ और उसके बाद नशेड़ी ने इस खौफनाक वारदात को अंजाम दिया। घटना के बाद आरोपी फरार हो गया है। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

मिली जानकारी के अनुसार पतेरापाली निवासी निवासी तुलसी ठाकुर (31) पति जयदेव ठाकुर अपने तीन वर्षीय पुत्र कमलेश के साथ घर पर थी। तुलसी का बड़ा बेटा अपने पिता व दादी के साथ बाहर गया हुआ था। मंगलवार शाम को तुलसी का देवर पुकराम ठाकुर (30) नशे की हालत में घर आया। इस दौरान पुकराम व तुलसी के बीच किसी बात को लेकर विवाद शुरू हो गया। मां को चाचा के साथ झगड़ते देख उसका तीन साल का बेटा भी बीच में आ गया।

इस दौरान नशेड़ी पुकराम ने तैस में आकर पास पड़े सब्बल को उठाया और अपनी भाभी व भतीजे पर वार कर दिया। सब्बल के बार से तुलसी व उसके बेटे कमलेश की मौत हो गई। रात को मृतका का पति जब घर पहुंचा तो इसकी जानकारी हुई। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को पीएम के लिए भेजा और जांच शुरू कर दी है। हत्या के बाद पुकराम फरार हो गया है। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

## ओडिशा से गांजा ला रहे थे तस्कर, बाकारुमा बैरियर में तलाशी के दौरान पकड़ाए आरोपी, 3 किलो गांजा बरामद

- रायगढ़ पुलिस की कार्रवाई, गांजा के साथ वाहन भी जब्त

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायगढ़।** दो जिले के मध्य बाकारुमा फॉरेस्ट बैरियर के पास रैरूमाखुर्द पुलिस ने ओडिसा से लैलूंगा के रास्ते गांजा ला रहे लेकर तस्कर को धर दबोचा हैं। आरोपित के बाइक के डिक्की से 3 किलो गांजा बरामद कर पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट में जेल भेजा है।

जानकारी के मुताबिक मंगलवार शाम को मुखबिर सूचना पर चौकी प्रभारी रैरूमाखुर्द उप निरीक्षक ऐनु देवांगन के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा बाकारूमा फॉरेस्ट बैरियर में घेराबंदी कर एक संदिग्ध होंडा साइन मोटरसाइकिल सीजी 13 यू.एफ 2847 को पकड़ा गया । पुलिस को सूचना मिली थी कि व्यक्ति एक व्यक्ति साइन बाइक पर उड़ीसा से गांजा लेकर लैलूंगा की



ओर से रैरूमा की ओर आ रहा है।

घेराबंदी में पकड़े गए व्यक्ति अपना नाम सगाराम सारथी पिता पहादेव सारथी उम्र 40 साल निवासी चरखापारा पुलिस चौकी रैरूमाखुर्द का रहने वाला बताया जिसे नाकेबंदी की कार्यवाही से अवगत कराते हुए विधिवत चेक करने पर सगाराम के मोटरसाइकिल डिक्की के अंदर तीन अलग-अलग प्लास्टिक के पैकेट में कुल तीन किलो 50 ग्राम मादक पदार्थ गांजा कीमती 36,000 मिला जिसे आरोपित सगाराम द्वारा बिक्री करने के लिए लेकर आना बताया।

उक्त गांजा को ओड़िसा से लैलूंगा के रास्ते चरखापारा लेकर जाना बताया। फिलहाल उसके कब्जे से जब्त तीन किलो 50 ग्राम गांजा कीमत 36,000 रुपये और मोटरसाइकिल होंडा साइन बाइक, एक नग मोबाइल को जब्त कर पुलिस चौकी रैरूमाखुर्द थाना धरमजयगढ़ में धारा 20 (बी ) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई कर आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

रैरुमा खुर्द चौकी प्रभारी ऐनु देवांगन ने बताया कि ओडिशा से लैलूंगा के रास्ते बाइक में गांजा लाने की मुखबिर से सूचना मिली। जिस पर फॉरेस्ट बेरियर के पास घेराबंदी कर बाइक सवार को पकड़ा गया है। जिसके बाइक के डिक्की से तीन किलो गांजा बरामद हुआ है। विधिवत कानूनी कार्रवाई कर एनडीपीएस एक्ट में आरोपी सगाराम को जेल भेजा गया हैं।

## हिस्ट्रीशीटर ने युवक को डंडे से पीटा, गिड़गिड़ाता रहा लेकिन नहीं माने, हाथ पैर तक तोड़ दिए

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** राजधानी रायपुर में हिस्ट्रीशीटर ने दो अन्य साथियों के साथ मिलकर एक युवक की जमकर पिटाई कर दी। बदमाशों ने पहले युवक पर डंडे से वार कर हाथ-पैर तोड़ा। फिर उसे चाकू दिखाकर डराया। इस घटना का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें लहूलुहान पीड़ित युवक बदमाशों के सामने हाथ जोड़कर गिड़गिड़ाते हुए दिख रहा है। बदमाश उसे चाकू दिखाकर चमका रहे हैं।

घटना सिविल लाइन थाना क्षेत्र की है। वीडियो सामने आने के बाद पंडरी ओवरब्रिज के नीचे मारपीट करने वाले हिस्ट्रीशीटर सहित कुल तीन आरोपितों गिरफ्तार किया गया। दिलकश अली निवासी लोधीपारा पंडरी, फिद्दा हुसैन अली निवासी इमामबाड़ा राजातालाब पंडरी और शफीक अली निवासी उरकुरा खमतराई को आर्म्स एक्ट, मारपीट सहित अन्य धाराओं के तहत अपराध कायम किया गया है। उनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त चाकू जब्त कर आरोपितों को जेल भेजा गया। आरोपित दिलकश अली थाना सिविल लाइन का हिस्ट्रीशीटर है।



जानकारी के अनुसार कुछ दिनों पूर्व थाना सिविल लाइन क्षेत्रांतर्गत पंडरी ओवरब्रिज के नीचे कुछ व्यक्तियों द्वारा एक व्यक्ति को चाकू दिखाकर डरा धमकाकर गाली-गलौज करते हुए मारपीट करने का वीडियो वायरल हुआ था। वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा मारपीट की वायरल वीडियो को गंभीरतापूर्वक लेते हुए प्रभारी एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट तथा थाना प्रभारी सिविल लाइन को वीडियो में दिख रहे व्यक्तियों की पतासाजी कर आवश्यक कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया गया। आरोपितों की पहचान थाना सिविल लाइन के हिस्ट्रीशीटर दिलकश अली सहित फिद्दा हुसैन अली एवं शफीक अली के रूप में की गई। इसके बाद सभी को गिरफ्तार किया गया।

## दुर्ग पुलिस की प्रेसर हॉर्न पर कार्रवाई 30 बाइक सवारों से वसूला जुर्माना

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** विधानसभा चुनाव को देखते हुए दुर्ग पुलिस काफी एक्टिव हो गई है। शहर में लगातार वाहनों की जांच की जा रही है। इसी कड़ी में दुर्ग पुलिस ने बुधवार को मॉडिफाइड व प्रेसर हॉर्न वाले बाइकर्स पर कार्रवाई की। पुलिस ने इस दौरान 30 वाहन चालकों का चालान काटा। इनमें 5 मोडिफाई सायलेसर एवं 25 प्रेशर हार्न वाहनों पर कार्रवाई की गई। वाहन चालकों से मोटर व्हीकल एक्ट की धाराओं की तहत 75 हजार रुपए जुर्माना वसूल किया गया।



दुर्ग पुलिस के निर्देश पर यातायात पुलिस द्वारा जिले के अंतर्गत मोडिफाई सायलेंसर, तेज आवाज बुलेट एवं प्रेशर हार्न का उपयोग करने वाले वाहन चालको के पर कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान यातायात जोन प्रभारियों के द्वारा अपने अपने क्षेत्र दुर्ग, सुपेला, भिलाई 03, सिविक सेन्टर भिलाई क्षेत्र में कुल 30 वाहन चालकों पर मोटर व्हीकल एक्ट की धारा के तहत कार्रवाई की गई। मोडिफाई सायलेंसर वाहन चालकों से 5000 रुपए व प्रेशर हार्न वाले वाहन चालकों से 2000 रुपए जुर्माना वसूला गया।

## किशोरी से दुष्कर्म : आरोपियों को 20-20 साल का कारावास

- कोरबा का मामला, दो साल पहले की घटना में कोर्ट ने सुनाया फैसला

**कोरबा।** सुने घर में घुस कर 14 वर्षीय किशोरी के साथ बारी- बारी से दुष्कर्म करने वाले तीन आरोपियों को अपर सत्र न्यायाधीश एफ्टीएससी (पाक्सो) कटघोरा ने 20-20 साल व 3500-3500 रूपये अर्थदंड से दंडित किया गया।

सितंबर 2021 में थाना दीपका अंतर्गत एक ग्राम की 14 वर्षीय किशोरी अपने घर के अकेली थी और उसके माता-पिता काम पर चले गये थे। इसी बीच उसके रिश्ते के चाचा का लड़का आरोपी 21 वर्ष दोपहर में पानी मांगने के बहाने आकर घर के अंदर घुस गया और उसके साथ जबर्दस्ती बलात्कार किया और किसी को बताने पर




जान से मारने की धमकी दिया। उसके बाद दूसरे दिन दोपहर को उसके दूसरे चाचा का लड़का दोपहर में आकर पहले गलत काम किया और कहा कि मैं सब कुछ जानता हूं कहकर उसके माता- पिता को बताने की धमकी देकर दूसरे दिन बलात्कार किया।

चौथे दिन दोपहर को आरोपी जागेश्वर दास (21) जब किशोरी घर में अकेली थी तब उसने धमकी देकर जबरदस्ती दुष्कर्म किया। घटना के बारे में डर के कारण किसी को नहीं बताई। बाद में उसके माता पिता को घटना की जानकारी होने पर थाना दीपका में घटना की रिपोर्ट 30 अक्टूबर को दर्ज कराया गया। अतिरिक्त लोक अभियोजक राकेश जायसवाल कटघोरा ने बताया कि पुलिस ने आरोपितों के विरूद्ध धारा 376, 506 (बी), 34 एवं 4, 6 पाक्सो एक्ट अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर अभियोग पत्र न्यायालय स्वर्णलता टोप्पो अपर सत्र न्यायाधीश एफ्टीएससी (पाक्सो) कटघोरा के समक्ष प्रस्तुत किया गया था।

प्रकरण में विचारण पश्चात आरोपितों के विरूद्ध आरोप सिद्ध पाए जाने पर न्यायालय द्वारा निर्णय पारित किया गया। इसके तहत धारा 376 (3) में 20-20 वर्ष का कठोर कारावास एवं धारा 506 (2) में एक-एक वर्ष का सश्रम कारावास की सजा तथा 3500- 3500 रूपये के अर्थदंड से प्रत्येक आरोपितों को दंडित किया। प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी अतिरिक्त लोक अभियोजक राकेश जायसवाल कटघोरा द्वारा किया गया।


सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

Galaxy Granite
WholeSaler & Retailer
रायपुर से कम दामों में
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान
कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095


भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले, पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766





राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध | Rakesh Sahu 9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006







भिलाई की सबसे बड़ी चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता : 93003-77572




## खास - खबर

### ईव्हीएम/वीवीपैट मशीन का प्रथम रेण्डमाईजेशन

**दुर्ग।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी पुष्पेन्द्र कुमार मीणा की मौजूदगी में ई.व्ही.एम. एवं वीवीपैट का प्रथम रेण्डमाईजेशन कलेक्टोरेट सभाकक्ष में सम्पन्न हुआ। उन्होंने बताया कि विधानसभा निर्वाचन-2023 के लिए विधानसभा क्षेत्र 62-पाटन विधानसभा क्षेत्र में 246, 63-दुर्ग ग्रामीण में 227, 64-दुर्ग शहर में 215, 65-भिलाई नगर में 167, 66-वैशाली नगर में 242 एवं 67-अहिवारा में 259 इस प्रकार कुल 1356 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। विधानसभा निर्वाचन 2023 के लिए ई.व्ही.एम. 5194 एवं वीवीपैट 2116 इस प्रकार कुल 7310 के लिए ई.व्ही.एम. एवं व्ही.व्ही. पैट का प्रथम रेण्डमाईजेशन किया गया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर अरविंद एक्का एवं अपर कलेक्टर एवं नगर निगम भिलाई के आयुक्त रोहित व्यास, उप जिला निर्वाचन अधिकारी बजरंग दुबे सहित जिले के सभी 6 विधानसभा क्षेत्र के रिटर्निंग आफिसर और राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के 5 अधिकारी विधानसभा क्षेत्र के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त

**दुर्ग।** आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 हेतु छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के अधिकारियों को विधानसभा क्षेत्र के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। कार्यपालन अभियंता छ.स्टे.पा.डि.कं.लि. सतीश कुमार वर्मा 9826308668 को दुर्ग शहर विधानसभा के लिए, कार्यपालन अभियंता छ.स्टे.पा.डि.कं.लि. के ए.के.बिजौरा 9827103423 को दुर्ग ग्रामीण विधानसभा के लिए, कार्यपालन अभियंता पश्चिम छ.स्टे.पा.डि.कं.लि. भिलाई के आर.के.चंद्राकर 9827484364 को वैशालीनगर विधानसभा के लिए, कार्यपालन अभियंता(संचा./संधा.) छ.स्टे.पा.डि.कं.लि. भिलाई के श्री डी.के.भारती 9424118220 को अहिवारा/पाटन विधानसभा के लिए, कार्यपालन अभियंता(नगर संभाग) पूर्व छ.स्टे.पा.डि.कं.लि. भिलाई के श्री बलभ्रद वर्मा 9926279860 को भिलाई नगर विधानसभा के लिए नियुक्त किया गया है।

### सामग्री वितरण केन्द्रों में विद्युत व्यवस्था के सुचारू संचालन के लिए अधिकारी नियुक्त

**दुर्ग।** विधानसभा निर्वाचन 2023 हेतु सामग्री वितरण केन्द्रों में विद्युत व्यवस्था के सुचारू संचालन के लिए अधिकारियों की ड्यूटी 16 नवम्बर 2023 को प्रात: 6 बजे निर्धारित स्थलों में ड्यूटी लगाई गई है। कार्यपालन अभियंता श्री आर.एल.गायकवाड़ एवं अनुविभागी अधिकारी श्रीमती संध्या बंजारे समस्त सामग्री वितरण केन्द्र स्थलों का निरीक्षण करेंगे। मानस भवन दुर्ग में सहायक अभियंता श्रीमती पूजा शुक्ला एवं उपअभियंता दीपक कुमार शर्मा, साईंस कॉलेज दुर्ग में उपअभियंता कु. विकासलता तिर्की एवं उपअभियंता श्रीमती सीमा साहू, पॉलिटेक्नीक कॉलेज दुर्ग में उपअभियंता श्रीमती रेणुका साहू एवं उपअभियंता सतीश कुमार यादव की ड्यूटी लगाई गई है। उक्त सभी अधिकारियों की ड्यूटी सामग्री वापसी हेतु 17 नवम्बर 2023 को शंकरा कॉलेज जुनवानी भिलाई में ड्यूटी लगाई गई है।

टिकट मिलते ही वोरा निवास पर समर्थकों का जमावड़ा

# विधायक वोरा ने मुख्यमंत्री निवास में भूपेश बघेल से की मुलाकात

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** आज छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने विधानसभा चुनावों के लिए अपनी प्रत्याशियों की दूसरी सूची जारी कर दी है। कांग्रेस ने आज अपनी दूसरी सूची में 53 प्रत्याशियों के नाम का ऐलान किया। इस सूची में दुर्ग शहर विधानसभा से कांग्रेस पार्टी के कद्दावर नेता एवं वर्तमान विधायक अरुण वोरा को टिकट दिया गया है।

अरूण वोरा दुर्ग विधानसभा से सातवीं बार चुनाव लडेंगे। पिछले 2 चुनाव जीतने के बाद वोरा लगातार तीसरे चुनाव जीतने के लिए पूरी तरीके से आश्वस्त है। उनका मुकाबला भाजपा के गजेंद्र यादव से होगा। इधर वोरा निवास सुबह से ही उनके समर्थकों का



जमावड़ा लगा रहा हैं। दुर्ग शहरवासियों ने निवास जाकर अरुण वोरा को प्रत्याशी घोषित होने पर बधाई दी। वोरा निवास पर जश्न चलता रहा, समर्थकों ने आतिशबाजिया एवं फूलो माला से अरुण वोरा का स्वागत कर उन्हें बधाई दी। टिकट मिलने पर अरुण वोरा ने देर शाम रायपुर पहुंचकर मुख्यमंत्री निवास में भूपेश बघेल से मुलाकात कर उनका आभार व्यक्त किया एवं उन्हे आश्वस्त किया की आपके नेतृत्व में वापस से कांग्रेस की सरकार बनेगी। वोरा ने टिकट मिलने पर मल्लिकार्जुन खडगे, सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, भूपेश बघेल, दीपक बैज, ताम्रध्वज साहू सहित कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। वोरा ने कहा कि दुर्ग शहरवासियों के आशीर्वाद से वह फिर इस बार दुर्ग विधानसभा से विजय होकर आयेंगे एवं दुर्ग शहर में कांग्रेस पार्टी ऐतिहासिक मतों से जीत दर्ज करेगी एवं मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी दोबारा इस प्रदेश की कमान संभालेंगे।

# नवरात्र पर डोंगरगढ़ पदयात्रियों की सेवा में जुटा अग्रवाल सेवा मंडल

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** नवरात्र पर मां बम्लेश्वरी के दर्शनार्थ डोंगरगढ़ जाने वाले पदयात्रियों का रैला लगा हुआ है। उनके सेवा में रायपुर से लेकर राजनांदगांव तक विभिन्न संगठनों द्वारा सेवा पंडाल लगाए गए है। इन सेवा पंडालों में से दुर्ग शिवनाथ नदी ओव्हरब्रिज के पास अग्रवाल सेवा मंडल द्वारा संचालित सेवा पंडाल में पदयात्रियों को भोजन, नास्ता, विश्राम के अलावा चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही है। पदयात्रियों को नि:शुल्क जरुरी दवाईयो का भी वितरण किया जा रहा है। जिससे रास्ते में पदयात्रियों को बड़ी राहत मिल रही है। सेवा पंडाल में लायनेस क्लब ऑफ दुर्ग मिडटाऊन, खंडेलवाल महिला समाज, मारवाड़ी महिला मंडल, श्री साई मंदिर समिति कसारीडीह, गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा दुर्ग के अलावा अन्य धार्मिक व सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों ने भी अपनी सेवाएं दी है। सेवा पंडाल में बुधवार की सुबह डौंडीलोहारा स्थित पाटेश्वर धाम के संत बालकदास पहुंचे। यहां उन्होने अग्रवाल सेवा मंडल के सदस्यों की सेवा देखकर उनकी प्रशंसा की और पदयात्रियों के लिए की गई व्यवस्था की सराहना की। अग्रवाल सेवा मंडल के पदाधिकारी प्रहलाद रुंगटा ने बताया कि यह सेवा पंडाल पिछले कई वर्षों से संचालित किया जा रहा है। जहां पदयात्रियों को सर्वसुविधा उपलब्ध करवाई जा रही है। नवरात्र के पहले दिन से शुरू हुए सेवा पंडाल का समापन अष्टमी पर शाम 6 बजे कन्याभोज आयोजन उपरांत किया जाएगा। सेवा पंडाल में डॉ. मोहन अग्रवाल, प्रहलाद रुंगटा, प्रमोद अग्रवाल, नितिन अग्रवाल,दीपक बंसल, गौरव रुंगटा, संदीप खेमुका, प्रभात अग्रवाल, सुनील अग्रवाल आदि है।

# मतदान केन्द्रों में मतदाताओं को असुविधा न हो व्यवस्था सुनिश्चित हो

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** मतदान केन्द्रो में पानी, बिजली, सफाई, दिव्यांगजनो के लिए रैम्प सिढ़ी तथा महिला एवं पुरूष के लिए अलग-अलग प्रशाधन की व्यवस्था हो मतदाताओं को मतदान करने में कोई परेशानी नहीं होना चाहिए।

विधानसभा 65 भिलाईनगर के रिटर्निंग आफिसर एवं आयुक्त रोहित व्यास ने बुधवार को खुर्सीपार गौतम नगर के पंचशील स्कूल के मतदान केन्द्रो का निरीक्षण किया, उन्होने जोन आयुक्त से कहा कि सभी केन्द्रो में मतदाता के प्रवेश तथा निकासी के लिए दरवाजे हो मतदान केन्द्र में प्रकाश की व्यवस्था पर्याप्त हो उन्होने दिव्यांग मतदाताओं के लिए तत्काल रैम्प बनाने को कहा श्री व्यास स्कूल में बनाये गये 6 मतदान केन्द्रो के कमरो को घूम-घूम कर देखे और आवश्यक निर्देश दिए स्कूल प्रागंण की पर्याप्त सफाई करने को कहा मतदान दल के लिए निस्तारी पानी की व्यवस्था तथा पुरूष एवं महिला दल के लिए शौचालय की वर्तमान व्यवस्था में आवश्यक सुधार के निर्देश दिये। कमरो में कक्ष क्रमांक को प्रदर्शित करने तथा मतदान केन्द्र क्रमांक दर्शाते हुए सूचक बोर्ड




लगाने को कहा। सभी व्यवस्था एक सप्ताह के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिये है। रिटर्निंग आफिसर श्री व्यास ने कहा कि मतदान केन्द्रो के 2 सौ मीटर की परीधी में किसी भी प्रकार की प्रचार-प्रसार नहीं होना चाहिए इसे भी आवश्यक रूप से सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान जोन आयुक्त पूजा पिल्ले, सहायक अभियंता प्रिया खैरवार, उपअभियंता चंद्रकांत साहू, अमित कुमार एक्का, सुपरवाइजर यू वेंकटराव सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# दाह संस्कार पश्चात रखे हुए अस्थिकलश होंगे विधिवत विर्सजित, 20 वर्षों से रखे अस्थिकलश को स्वर्गधाम सेवा समिति को सौंपा गया

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** दाह संस्कार के बाद अपनी मुक्ति का वर्षो से बाटजोह रहे मुक्तिधाम में रखे अस्थि कलश को विधिवत विर्सजित करने स्वर्ग धाम सेवा समिति धमतरी को सौपा गया। अंतिम संस्कार हेतु रामनगर मुक्तिधाम लाए जाने के बाद बहुत से मृतक के परिजनों ने अभी तक अस्थिकलश को नहीं ले गये थे, उन सभी अस्थिकलश को विधिवत तर्पण कर विर्सजित करने स्वर्गधाम सेवा समिति धमतरी द्वारा आवेदन पत्र दिया गया था, जिस पर महापौर परिषद ने समिति के कार्य अनुभव को देखते हुए अपनी सहमति प्रदान किया था।

भिलाई निगम द्वारा लगभग 20 वर्षों से रखे हुए सभी अस्थि कलश को समिति के अध्यक्ष अशोक पवार एवं पदाधिकारियों को सौंपा गया। वार्ड 14 रामनगर मुक्तिधाम में दाह संस्कार पश्चात अस्थि लेने कुछ परिजन कई दिन बाद भी आते



है इसलिए अस्थि को मुक्तिधाम में सुरक्षित रखते है। बीते कुछ वर्षों में बहुत से मृतक के परिजन अस्थि को नहीं ले गए थे, कई मृतक के परिजन तो किसी के घर का भी पता दर्ज नहीं कराए थे।

#### इन 40 मृतकों के थे अस्थिकलश -

मृतक दुखी राम छावनी भिलाई, शोभाराज रानी, एम हनुमैया पिता एम डण्डासी क्वा. 5ए सड़क 12 सेक्टर 06, दिल्ली बिसाई पिता भीम संजय नगर सुपेला, निलांबर दलाई पिता लक्ष्मण दलाई शंकरपारा सुपेला, शिव कुमारी पति परमेश्वर, 49/9 नेहरू नगर पश्चिम, अजय यादव पिता धन्नाला यादव सपना टॉकिज के पीछे खुर्सीपार, रंजीता बिसाई पति निरंजन कन्हाई केम्प 01 म.नं. 703, बिगुला देवी पति जमुना शाह अर्जुन नगर म. नं. 2144, राहुल शर्मा पिता विजय शर्मा म. नं. 19/ए एचएससीएल कॉलोनी रूआंबांधा, के.एस वेनु म नं. 21/ए सेक्टर 04, सुरेश अज्ञात, अमिताभ अज्ञात, अजय अग्रवाल टाटीबंध रायपुर म. नं. 936, हरि साहू पिता गुणो साहू म.नं. 2380, चंदी निषाद फरीद नगर भिलाई, रामकुमार साहू सुभाष नगर, मगरावा शंकर नगर छावनी, सोमनाथ सेक्टर 04, मिथिल ताण्डी, चंदन साव, खोगा बिसाई, यादव जी, सुनील मांझी सहित कुल 40 मृतको के अस्थि कलश थे।

# मतदान जागरूक कार्यक्रम: शपथ लेकर लोकतांत्रिक परंपराओं का निर्वहन कराने चला रहे अभियान

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रिसाली।** विधानसभा आम चुनाव में शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को बनाए रखने रिसाली निगम के अधिकारी अभियान चला रहे है। निगम आयुक्त आशीष देवांगन अभियान की शुरूआत पहले कार्यालय से कराया। लोकतांत्रिक परंपराओं का निर्वहन कराने शपथ दिलाई। वहीं कर्मचारी अब मताधिकार का प्रयोग करने का संदेश लेकर वार्डो तक पहुंच रहे है।

संविधान में नागरिकों को स्वतंत्र रूप से मतदान करने का अधिकार दिया गया है। यही वजह है कि बिना किसी के प्रभाव में आए मतदान करने रिसाली



निगम के अधिकारी कर्मचारी अभियान चला रहे है। निगम द्वारा छोटे-छोटे समूह तैयार कर लोकतांत्रिक मर्यादा को बनाए रखने और स्वतंत्र व शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को रखते हुए बिना प्रलोभन में आए मताधिकार का प्रयोग करने की सीख दे रहे है।

#### संकल्प पत्र भी भराया जा रहा है

निगम के कर्मचारी ऐसे स्थानों तक पहुंच रहे है जहां लोगों का हुजुम रहता है। यहां मतदान करने पहले शपथ दिलाई जाती है, फिर नागरिकों से संकल्प पत्र भराया जा रहा है। ताकि संविधान में दिए अधिकारों का वे प्रयोग कर अपने कर्तव्य याद रख सके।

# दुर्ग शहर विधानसभा स्तरीय महिला सम्मेलन संपन्न

**दुर्ग।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश महिला नेतृत्व के दिशा निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ के समस्त विधानसभा क्षेत्र में विधानसभा स्तरीय महिला सम्मेलन का कार्यक्रम आयोजित किया जाना है इसी कड़ी में आज दुर्ग शहर विधानसभा स्तरीय महिला सम्मेलन का आयोजन दुर्ग लोकसभा सांसद विजय बघेल की विशिष्ट अतिथ्य में दुर्ग विधानसभा प्रत्याशी गजेंद्र यादव, महिला मोर्चा प्रदेश मंत्री एवं कार्यक्रम की माया बेलचंदन भाजपा कार्यालय में महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष दिव्या कलिहारी की अध्यक्षता में संपन्न हुई आयोजित सम्मेलन में उपस्थित वरिष्ठ नेताओं द्वारा भारतीय जनता पार्टी की जीत विधानसभा चुनाव में सुनिश्चित करने का उपस्थिति मात् शक्तियों से आवहन किया गया चुनाव के लिए आवश्यक टिप्स दिए गए।

आयोजित सम्मेलन उपाध्यक्ष राजेंद्र कुमार अलका बाघमार मीडिया प्रभारी राजा महोबिया आईटी सेल जिला संयोजक जितेंद्र राजपूत दुर्ग शहर विधानसभा विस्तारक सेवकराम धेनू सेवक मंडल अध्यक्ष मदन वढई, मोर्चा मंडल महामंत्री श्वेता कनौजिया प्रीति साहू अंजू तिवारी तनुजा बघेल दिनेश्वरी तुरकर हेमलता साहू सहित बड़ी संख्या में महिला मोर्चा की पदाधिकारी में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जीई रोड सड़क किनारे से कबाड़ और बेतरतीब खड़े वाहनों को आयुक्त ने हटवाया

श्रीकंचनपथ न्यूज

दुर्ग। नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र के अंतर्गत त्यौहारी सीजन को ध्यान में रखते हुए शहर के मुख्य चौक चौराहों के भीतर सुगम सुरक्षित यातायात व्यवस्था बनाये जाने के संबंध में आयुक्त लोकेश चंद्राकार ने निरीक्षण के दौरान सड़कों के किनारे से ऐसे वाहनों को हटाने के लिए खड़े होकर निगम अधिकारी व कर्मचारी के साथ अभियान चलाया इस क्रम में आज वाहनों को हटाने की कार्रवाई की गई।

इस दौरान दुपहिया वाहनों को भी हटाने का काम किया गया और चेतावनी देकर आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने कहा दोबारा देखे जाने पर जुर्माना के साथ जब्ती की कार्यवाही किया जाएगा। इसके लिए कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा ने भी शहर भ्रमण के दौरान निर्देश दिए थे।

कबाड़ और बेतरतीब खड़े वाहनों के कारण यातायात प्रभावित होता है, कई बार ऐसे वाहन दुर्घटना के कारण भी बनते हैं साथ ही आवाजाही करने वाले राहगीरों को



परेशानी का सामना करना पड़ता है। इन सभी कारणों को देखते हुए ऐसे वाहनों को हटाने का अभियान चलाया जा रहा है। आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने निगम के राजस्व टीम,बाजार टीम एवं अतिक्रमण टीम के अधिकारियों के साथ नगर निगम शहर क्षेत्र अंतर्गत रायपुर नाका से फिल्टर प्लांट के सामने के आस पास क्षेत्र, पॉलिटेक्निक कालेज के आस पास तक जीई रोड के दोनो ओर किनारे खड़े कंडम वाहनों को हटाया गया और अवैध रूप से सड़क पर बांस बल्ली बनाकर संचालन करने वालों पर कार्रवाई की गई। साथ ही साथ सड़क पर व्यापार के उद्देश्य से किए गए कब्जा को हटाया गया। आज शाम को तीन घंटे चली कार्रवाई में कुल 30-40 कबाड़ अवैध कब्जाधारियों पर कार्रवाई कर हटवाया गया। कार्रवाही के मौके पर अतिक्रमण अधिकारी व राजस्व अधिकारी दुर्गेश गुप्ता,स्वास्थ्य विभाग व बाजार अधिकारी जावेद अली,सहायक बाजार अधिकारी थान सिंह यादव,ईश्वर वर्मा सहित टीम अमला मौजूद रहें।आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने निरीक्षण के दौरान अधिकारियों से कहा कि भीड़ भाड़ वाले बाज़ार क्षेत्रों में लगातार संयुक्त अभियान चलाकर अतिक्रमण मुक्त रखने निर्देश दिए।जिसमें त्योहारी सीजन को ध्यान में रखते हुए शहर के भीतर सुगम यातायात व्यवस्था बनाए रखने हेतु की जाने वाली कार्यवाही के सम्बंध में कहा।प्रमुख बाज़ार क्षेत्रों में यातायात को प्रभावित कर दुकान के बाहर सामान निकाल कर व्यवसाय करने वाले दुकानदार के विरुद्ध सामान जप्त कर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी एवं प्रमुख मार्गों एवम् चौक चौराहों के आस पास यातायात को प्रभावित कर लगने वाले अवैध ठेला खोमचा पर संयुक्त रूप से लगातार अतिक्रमण कार्यवाही किया जावेगा।

# 2 करोड़ से अधिक मतदाता छत्तीसगढ़ में चुनेंगे अपना भाग्य, चुनाव के लिए प्रशासन पूरी तरह एलर्ट

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** विधानसभा निर्वाचन 2023 में मतदान दल में ड्यूटी लगने तथा प्रशिक्षण में उपस्थित होने के संबंध में सरकारी कर्मचारियों को सूचित कर दिया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय से निकले आदेश में जिला निर्वाचन अधिकारी दुर्ग ने सरकारी कर्मियों को निर्देशित किया है कि आगामी छत्तीसगढ़ विधानसभा निर्वाचन 2023 में उनकी ड्यूटी मतदान अधिकारियों के रूप में लगाई जा रही है 19 एवं 20 अक्टूबर को दुर्ग जिलें में पहला प्रशिक्षण होना है। जिसके लिए कर्मचारियों को समय और जगह बता दी गई है। आदेश में यह भी कहा गया है कि भिलाई इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी के प्रशिक्षण नहीं प्राप्त करने वाले लोगों सरकारी कर्मियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। आचार संहिता लगने के बाद प्रशासन चुनावी मोड पर है। सुरक्षा बल की पर्याप्त व्यवस्था किए गए हैं। छत्तीसगढ़ के



असमेबली चुनाव 2023 में हर इंसान को उनका मताधिकार मुहैया कराने छत्तीसगढ़ का चुनाव आयोग मुस्तैद है। मतदाताओं को मतदान के लिए पुरी सुविधा देने के निर्देश दिए गए हैं। इस बार 80 साल से ज्यादा उम्र के मतदाता अपने घर पर से ही वोट दे सकेंगे।

यह भारतीय गणतंत्र की सतत गहनता का ही परिणाम है कि समय के साथ पूरे हिंदुस्तान में मताधिकार का प्रतिशत तेजी से बढ़ता गया है। हिंदुस्तान की मतदाता अपने मताधिकार के प्रति लगातार जागरूक हुए हैं। 140 करोड़ की जनसंख्या वाले हिंदुस्तान के राज्य छत्तीसगढ़ में इस समय प्रोजेक्टेड आबादी तीन करोड़ है।

छत्तीसगढ़ में दो करोड़ 81 हजार मतदाता है। विधानसभा चुनाव-2023 के लिए मतदाताओं का उत्साह देखते ही बन रहा है। इस बार रिकार्ड मतदान की भी उम्मीद जताई जा रही है। प्रदेश में पांच वर्ष के भीतर मतदाताओं की संख्या में वृद्धि के आंकड़ों पर गौर करें तो रायपुर और दुर्ग सबसे आगे है। यहां रिकार्ड संख्या में नए मतदाता इस विधानसभा चुनाव में वोट डालेंगे। पांच वर्ष के भीतर रायपुर जिले में सबसे अधिक 2 लाख 46 हजार 760 मतदाता बढ़े हैं, वहीं दुर्ग जिले में 1 लाख 95 हजार 190 नए मतदाता वोट डालेंगे।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950